संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

27 अगस्त 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 330

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस



नेपाल में बाढ़ से तबाही, 100 की मौत, 150 भारतीयों सहित 700 लोग लापता

एजेंसी

काठमांडू । नेपाल में 26 अगस्त को भोटे कोशी नदी ने ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि हिमालय की संकरी घाटियां भी उसकी प्रचंड धारा के सामने बेबस नजर आईं। तिब्बत से निकलकर नेपाल पहुंचने वाली इस नदी में अचानक बढ़े जलप्रवाह ने सिंधुपाल्चोक जिले में भारी तबाही मचा दी।

नदी का वेग इतना तेज था कि कई स्थानों पर पुल टूट गए, सड़कें और रास्ते बह गए तथा नदी किनारे बसे इलाकों में भारी नुकसान हुआ। उफनती धारा अपने साथ चट्टानें, पेड़ और मलबा बहाती हुई आगे बढ़ती रही। स्थानीय इलाकों से सामने आए दृश्यों में नदी का पानी काला-भूरा और मटमैला दिखाई दे रहा है तथा ऊंची-ऊंची लहरें संकरी घाटियों से होकर बेहद तेजी से गुजर रही हैं।

अब तक करीब 100 लोगों की मौत की खबर है, जबकि लगभग 700 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इन लापता लोगों में लगभग 150 भारतीय पर्यटक शामिल होने की जानकारी मिली है। राहत और बचाव अभियान के बीच तबाही का वास्तविक आंकड़ा और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखकर बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया है, जिसमें 15 हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं। बाढ़ के तेज बहाव में कई वाहन और अन्य सामान बह गए हैं। कुल 13 जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनके बांध, विद्युतगृह, पहुंच मार्ग और अन्य बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति पहुंची है।

नेपाल में बाढ़ का कहर, चीन सीमा पर खड़े 500 से अधिक कंटेनर बहे

काठमांडू । तिब्बत में आज सुबह ग्लेशियर के फूटने से नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ के नेपाल चीन सीमा पर नेपाल आने के लिए खड़े 500 से अधिक कंटेनर के बह जाने की खबर है। नेपाल हिमालय सीमापार वाणिज्य संघ के अनुसार रसुवा के टिमुरे स्थित कस्टम कार्यालय के यार्ड में रखे सैकड़ों कंटेनर बाढ़ में बह गए हैं। संघ के सचिव आडदोर्जे शेर्पा के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में यार्ड में रखे करीब 200 कंटेनर बाढ़ में बहने की बात सामने आई है। इसी तरह चीन की ओर सामान लेने जा रहे करीब 300 कंटेनर भी बाढ़ की चपेट में आए हैं। शेर्पा ने बताया कि इनमें से शायद 10 प्रतिशत कंटेनर ही बचे होंगे।

बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत, चीन और विश्व बैंक की मदद की पेशकश, मोदी ने बालेन्द्र शाह से की बात

काठमांडू । आपदाग्रस्त नेपाल में बाढ़ प्रभावित लोगों के उद्धार, राहत और पुनर्निर्माण के लिए भारत, चीन और विश्व बैंक ने तत्काल सहयोग की पेशकश की है। बाढ़ की खबर सामने आने के तुरंत बाद सुबह 10:35 बजे नेपाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले से नेपाल मामलों को देखने वाले विश्व बैंक के राष्ट्रीय निदेशक डेविड सिस्लेन ने फोन पर संपर्क किया। वित्त मंत्री के सचिवालय के अनुसार, सिस्लेन ने विभिन्न स्रोतों से आपातकालीन सहायता के रूप में 2,500 करोड़ नेपाली रुपये (25 अरब रुपये) तक की सहायता उपलब्ध कराने की संभावना की जानकारी दी। जबकि दक्षिणी पड़ोसी भारत ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तत्काल आवश्यक राहत सामग्री की सूची नेपाल सरकार से मांगी है, ताकि आवश्यक सामान जल्द उपलब्ध कराया जा सके। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह से फोन पर बातचीत कर नेपाल में बाढ़ से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत के लोग नेपाल के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं और भारत नेपाल को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। उनके अनुसार, भारतीय टीमें बचाव और राहत अभियानों के लिए नेपाल के संबंधित पक्षों के साथ निकट समन्वय कर रही हैं।

बिहार और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट, गृह मंत्री ने दोनों मुख्यमंत्री से की बात

नई दिल्ली । नेपाल के रसुवा जिले में ग्लेशियर फ्लैश फ्लड से भारी तबाही के बाद भारत के सीमावर्ती राज्यों बिहार और उत्तर प्रदेश में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मध्य नेपाल के दो जिलों में बाढ़ से चार लोगों की मौत हुई है, जबकि कई नदी किनारे के इलाकों में भारी नुकसान हुआ है।

नेपाल से आने वाली बाढ़ की लहर को देखते हुए बिहार के कई जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। बगहा, वाल्मीकिनगर, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी समेत संवेदनशील इलाकों में प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को गंडक नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली में तटबंधों और बांधों की दिन-रात निगरानी करने को कहा गया है। कमजोर हिस्सों की मरम्मत और संवेदनशील क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को चेतावनी देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

लोकसभा स्पीकर ने टीएमसी से 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

एजेंसी

नई दिल्ली । तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में 20 बागी सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका दायर की थी। इस मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उन सांसदों को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है। यह घटनाक्रम तब हुई जब सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टीएमसी की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला लेने में हो रही देरी को चुनौती देने वाली अभिषेक बनर्जी की याचिका पर उन 20 सांसदों से जवाब मांगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की बेंच ने सांसदों को नोटिस जारी किया और स्पीकर के पास लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द विचार करने को कहा है। लोकसभा स्पीकर और सेक्रेटरी जनरल की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत टीएमसी द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं पर उन 20 सांसदों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि सवाल नोटिस जारी करने का नहीं है, सवाल एक तय समय-सीमा के अंदर कार्यवाही पूरी करने का है। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि इन 20 सांसदों ने पार्टी छोड़ दी और बाद में नेशनलिस्ट सिटिज़न्स पार्टी ऑफ़ इंडिया में शामिल हो गए। अभिषेक बनर्जी का तर्क है कि उनके इस आचरण के कारण संविधान के दलबदल-रोधी प्रावधानों के तहत उन्हें अयोग्य ठहराया जा सकता है। याचिका में लोकसभा अध्यक्ष और सदन के महासचिव को मुख्य प्रतिवादी बनाया है, जबकि जिन 20 सांसदों की अयोग्यता की मांग की गई है, उन्हें भी इस मामले में पक्षकार बनाया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाईकोर्ट में लालू प्रसाद समेत 54 अपीलों पर तेजी से होगी सुनवाई

संवाददाता

रांची । चारा घोटाला मामले से जुड़ी लालू प्रसाद यादव समेत 54 से अधिक अपीलों की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में अब तेजी से होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के 14 जुलाई 2026 के आदेश का हवाला देते हुए अपीलों के शीघ्र निपटारे की प्रक्रिया शुरू की है।सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित एसएलपी में झारखंड हाईकोर्ट से इन अपीलों की सुनवाई तेज करने और आदेश की तारीख से छह महीने के भीतर, यथासंभव, मामलों का निपटारा करने का अनुरोध किया है। हाईकोर्ट में

सुनवाई के दौरान अपीलकर्ताओं और सीबीआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि मामलों में बहस के लिए पेपर बुक तैयार करना जरूरी है।अदालत ने पाया कि ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड काफी बड़ा और विस्तृत है।ऐसे में सभी पक्षों को पूरे रिकॉर्ड की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराना संभव नहीं है।अपीलकर्ताओं और सीबीआई के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर उन दस्तावेजों की पहचान करें, जो अपीलों की सुनवाई और बहस के लिए आवश्यक है। इसके बाद आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अधिवक्ताओं को उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश पारित किया जाएगा। अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों को रिकॉर्ड की खोज/निरीक्षण पूरी करने के बाद मामले को फिर से सुनवाई के लिए आठ सप्ताह के भीतर मेंशन करने की छूट दी है।अदालत ने अपीलकर्ताओं के अधिवक्ताओं को यह भी निर्देश दिया कि वे आवश्यक निर्देश प्राप्त कर अदालत को बताएं कि किसी अपीलकर्ता की मृत्यु के कारण संबंधित अपील पहले ही समाप्त हो चुकी है या नहीं।सीबीआई की ओर से एएसजीआई प्रशांत पल्लव और विशेष लोक अभियोजक दीपक कुमार भारती ने पक्ष रखा।अपीलकर्ताओं में लालू प्रसाद यादव,संजय सिन्हा, डॉक्टर कृष्ण मोहन प्रसाद, महिंदर सिंह बेदी, सुनील गांधी, डॉक्टर गौरी शंकर प्रसाद, डॉक्टर बृज नारायण शर्मा, अजय कुमार सिन्हा, विजय कुमार मल्लिक, सत्येंद्र कुमार मेहरा, रविंद्र कुमार मेहरा, रवि कुमार सिन्हा, राजन मेहता, विद्यासागर निषाद , सुशील कुमार, डॉक्टर गया प्रसाद त्रिपाठी आदि शामिल हैं।

रक्षाबंधन से पहले लाभुकों को सरकार ने भेजी मंईयां सम्मान की राशि

संवाददाता

रांची । रक्षाबंधन से पहले झारखंड सरकार की ओर से बहनों को उपहार दिया है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की 03 लाख 95 हजार 692 लाभुकों के बैंक खातों में माह अगस्त 2026 की सम्मान राशि (2,500 प्रत्येक लाभुक) का आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया गया है। योजना के तहत लाभुकों के खातों में कुल 98 करोड़ 92 लाख 30 हजार की राशि हस्तांतरित की गई है।

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रांची जिले में योजना का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी पात्र महिला को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। लाभुकों के भुगतान की प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जा रही है और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यह योजना केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

जिनमें अनगड़ा, अरगोड़ा, बेड़ो, बुंडू, बुंडू नगर पंचायत , बुढ़मू, चान्हो, हेहल, कांके, खलारी, लापुंग, मांडर, नगड़ी,नामकुम, ओरमांझी, राहे, रातू, सिल्ली, सोनाहातू, तमाड़, इटकी, बड़गाईं शहरी क्षेत्र शामिल है।

पाकुड़, देवघर और गोड्डा में हुई सामान्य से काफी कम बारिश

संवाददाता

रांची । झारखंड में मानसून की स्थिति असमान बनी हुई है। राज्य के 24 में से नौ जिलों में बारिश सामान्य से काफी कम दर्ज की गई है, जबकि 15 जिलों में वर्षा की स्थिति सामान्य बनी हुई है। एक जून से 26 अगस्त तक के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक कमी पाकुड़ जिले में दर्ज की गई है, जहां सामान्य से 53 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

बारिश की कमी वाले अन्य जिलों में देवघर में सामान्य से 48 प्रतिशत, कोडरमा में 45 प्रतिशत, चतरा में 44 प्रतिशत, गिरिडीह में 38 प्रतिशत, गढ़वा में 37 प्रतिशत, हजारीबाग में 32 प्रतिशत, गोड्डा में 31 प्रतिशत और बोकारो में 26 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश हजारीबाग के कोनेर में 43.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान सबसे अधिक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस बहरागोड़ा में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि, बारिश के बीच लोगों को हल्की गर्मी और उमस का भी एहसास हुआ। रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 31.6 और न्यूनतम 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा। डालटनगंज में अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 डिग्री और न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

घरेलू विवाद में पिता ने छह माह के मासूम को पटककर मार डाला

संवादादता

हजारीबाग । जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र में एक पिता ने घरेलू विवाद के दौरान अपने छह वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। घटना बुधवार की है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतक बच्चे की पहचान अंश कुमार के रूप में हुई है। बच्चे की मां निराली कुमारी ने कटकमसांडी थाना में आवेदन देकर अपने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, घर में सास के साथ उनके विवाद के दौरान पति आकाश कुमार वहां पहुंचे। आरोप है कि आकाश कुमार ने कमरे में बेड पर सो रहे अंश को उठाया और घर के पीछे कुएं के पास ले गए। वहां ढलाई किए हुए फर्श पर बच्चे को पटक दिया। इससे अंश गंभीर रूप से घायल हो गया।निराली कुमारी ने पति से बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई, लेकिन वह तैयार नहीं हुए। इसके बाद निराली घायल अंश को लेकर हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचीं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। हालांकि, रांची पहुंचने से पहले ही अंश की मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने के बाद कटकमसांडी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पिता आकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

हड़ताल : सितंबर में चार दिन ठप रहेगा बैंकिंग कामकाज

संवाददाता

रांची । यूएफबीयू ने पांच दिवसीय बैंकिंग और प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई)सहित अन्य मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।अगर सरकार वार्ता के लिए आगे नहीं आयी तो सितंबर महीने में बैंकिंग कामकाज बुरी तरह से प्रभावित रहेगा।यह हड़ताल देशभर में एक साथ होगी।संयुक्त संयोजक एमएल सिंह और मनीष सिंह ने संयुक्त बयान जारी करते हुए हड़ताल की जानकारी दी। बैंक हड़ताल का व्यापक असर बाजार और आमलोगों को प्रभावित करेगा। जिसके चलते लंबे समय तक बैंकिंग से जुड़े काम प्रभावित हो सकते हैं।11 सितंबर को स्ट्राइक की बात कही गई है। इसके बाद 28, 29, 30 सितंबर को भी तीन दिवसीय हड़ताल का एलान किया गया है। 11 सितंबर को शुक्रवार है, जिसके बाद शनिवार और रविवार दो दिन बैंकों की छुट्टी रहेगी। 14 सितंबर को भी कुछ राज्यों में गणेश चतुर्थी के कारण छुट्टी रहेगी। जिसके चलते लंबे समय तक बैंकिंग से जुड़े काम प्रभावित हो सकते हैं। इसी तरह से 26 को चौथा शनिवार, 27 को रविवार की छुट्टी और इसके बाद तीन दिन लगातार बैंक बंद रहेंगे।आंदोलन के प्रथम चरण में 27 अगस्त 2026 को अखिल भारतीय स्तर पर प्रदर्शन का कार्यक्रम है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए 27 अगस्त 2026 को संध्या 5:15 बजे प्रधान टावर के समीप बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय रांची कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

सीबीएसई 10वीं में झारखंड स्टेट टॉपर बने देवघर के स्वस्तिक राज

डॉक्टर बनने का है सपना, शुरुआत से पढ़ाई और प्रीवियस ईयर क्वेश्चन्स पर फोकस को बताया सफलता का राज

देवघर के छात्र स्वस्तिक राज से संताल एक्सप्रेस की खास बातचीत

शेखर सुमन

देवघर। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के शानदार परिणाम के बाद गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला,देवघर के छात्र स्वस्तिक राज ने झारखंड स्टेट टॉपर बनकर अपने स्कूल, परिवार और देवघर का नाम रोशन किया है। स्वस्तिक ने अपनी सफलता के पीछे शुरू से की गई मेहनत, लगातार पढ़ाई और परीक्षा के अंतिम चरण में प्रीवियस ईयर क्वेश्चन्स पर फोकस को अहम बताया। डॉक्टर बनने का लक्ष्य रखने वाले स्वस्तिक राज से पढ़ाई, तैयारी और सफलता के सफर को

लेकर संताल एक्सप्रेस से खास बातचीत की।

सवाल : 10वीं में झारखंड स्टेट टॉपर बनने के बाद कैसा महसूस कर रहे हैं?

जवाब : बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैंने शुरू से ही मेहनत की और लगातार पढ़ाई पर ध्यान दिया। इतनी बड़ी सफलता मिलेगी, यह खुशी मेरे लिए खास है।

सवाल : आपकी सफलता का सबसे बड़ा राज क्या रहा?

जवाब : सफलता का सबसे बड़ा राज लगातार मेहनत है। मैंने शुरुआत से ही पढ़ाई को गंभीरता से लिया। पेपर और सिलेबस को समय पर पूरा करने की कोशिश की और परीक्षा के अंतिम चरण में पिछले वर्षों के प्रश्नों पर ज्यादा फोकस किया।

सवाल : आपने अपनी तैयारी कब से शुरू कर दी थी?

जवाब : मैंने शुरुआत से ही तैयारी शुरू कर दी थी। मेरा मानना है कि आखिरी समय में ज्यादा दबाव लेने के बजाय अगर शुरुआत से थोड़ी-थोड़ी पढ़ाई की जाए तो तैयारी बेहतर होती है।

सवाल : आपकी पढ़ाई का टाइम-टेबल कैसा था?

जवाब : मेरा कोई फिक्स टाइम-टेबल नहीं था। जिस विषय को पढ़ने की जरूरत महसूस होती थी, मैं उसी पर ध्यान देता था। मेरा मुख्य लक्ष्य पढ़ाई को समझकर और पूरा करके आगे बढ़ना था।

सवाल : आप रोज कितने घंटे पढ़ाई करते थे?

जवाब : मैं घंटे के हिसाब से पढ़ाई नहीं करता था। मैं एक टॉपिक लेकर उसे पूरा करने पर ध्यान देता था। जब तक टॉपिक अच्छी तरह समझ नहीं आ जाता था, तब तक पढ़ता रहता था।

सवाल : कौन-सा विषय आपको सबसे आसान और कौन-सा सबसे कठिन लगा?

जवाब : मेरे लिए संस्कृत सबसे आसान विषय था, क्योंकि इसमें मेरी रुचि थी। वहीं इतिहास थोड़ा कठिन लगा, क्योंकि इसमें बहुत सारी जानकारियां याद रखनी पड़ती हैं।

सवाल : आपने कोचिंग की थी या सेल्फ स्टडी पर ज्यादा भरोसा किया?

जवाब : मैंने सेल्फ स्टडी पर ज्यादा फोकस किया। मैं खुद किताबों से पढ़ता था और जरूरत पड़ने पर शिक्षकों से मार्गदर्शन लेता था। हमारे स्कूल में बहुत अच्छे शिक्षक हैं। मैं हर रविवार इंटीग्रेटेड टेस्ट देने भी आता था। केशव सर ने भी मुझे काफी समय से मार्गदर्शन दिया है।

सवाल : आपकी सफलता में स्कूल और शिक्षकों का कितना योगदान रहा?

जवाब : स्कूल और शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ सही दिशा में तैयारी करने के लिए लगातार मार्गदर्शन दिया। जहां भी मुझे परेशानी होती थी, शिक्षक उसे समझाने में मदद करते थे।

सवाल : आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर आपका क्या लक्ष्य है?

जवाब : मेरा लक्ष्य डॉक्टर बनना है। आगे इसी दिशा में मेहनत करना चाहता हूं। अभी मैंने पीसीबी लिया है और आगे की पढ़ाई पर पूरा ध्यान रहेगा।

सवाल : परीक्षा की तैयारी कर रहे दूसरे विद्यार्थियों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

जवाब : मैं दूसरे विद्यार्थियों से यही कहना चाहूंगा कि तैयारी आखिरी समय के लिए न छोड़ें। शुरुआत से पढ़ाई करें, कक्षाओं में ध्यान दें और सबसे ज्यादा कॉन्सेप्ट को समझने पर फोकस करें। अगर बेसिक कॉन्सेप्ट मजबूत होगा तो 11वीं और 12वीं की पढ़ाई में भी काफी मदद मिलेगी।

सवाल : अपने बारे में कुछ बताइए।

जवाब : मेरा नाम स्वस्तिक राज है। मैं देवघर का रहने वाला हूं। मेरे पिता का नाम रविशंकर है और मेरी माता का नाम कुमारी प्रियंका है।

सवाल : आपके पिता क्या करते हैं और आपकी मां क्या करती हैं?

जवाब : मेरे पिता एक इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। मेरी मां गृहिणी हैं। दोनों ने मेरी पढ़ाई और तैयारी में हमेशा मेरा साथ दिया है।

सवाल : झारखंड टॉपर बनने के बाद सबसे पहले किसे इसका श्रेय देना चाहेंगे?

जवाब : सबसे पहले मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने मेरी तैयारी के दौरान मेरा हौसला बढ़ाया और मुझे सही मार्गदर्शन दिया।

एमएमडीआर बिल पर आमने-सामने भाजपा और कांग्रेस

एमएमडीआर संशोधन राज्य और राष्ट्रहित में झामुमो-कांग्रेस फैला रहे भ्रम : रघुवर दास

संवाददाता

रांची । झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हाल में लाया गया खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 (एमएमडीआर) राज्य और राष्ट्रहित में है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस संशोधन की गलत व्याख्या कर लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

रघुवर दास बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एमएमडीआर संशोधन झारखंड के हितों के खिलाफ नहीं, बल्कि राज्य को उसकी खनिज संपदा का अधिकतम लाभ दिलाने और वैध खनन को पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस के संरक्षण में धनबाद, बोकारो, चतरा, हजारीबाग, साहेबगंज, दुमका और शिकारीपाड़ा समेत कई क्षेत्रों में कोयला, बालू और पत्थर के अवैध कारोबार से जुड़े सिंडिकेट सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान 'जल, जंगल, जमीन' की बात कर सत्ता में आने वाले लोगों ने सत्ता संभालने के बाद राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को कथित रूप से सिंडिकेट के हवाले कर दिया। उन्होंने वर्तमान सरकार पर झारखंड के खनिज संसाधनों की लूट को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

रघुवर दास ने पत्थर के अवैध खनन से जुड़े मामलों में झामुमो के नेताओं और सरकार के एक मंत्री के जेल जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे दलों से एमएमडीआर संशोधन पर किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री दास ने कहा कि मौजूदा विवाद केवल 11 हजार करोड़ रुपये के उपकर (सेस) तक सीमित नहीं है। असली सवाल यह है कि क्या वित्तीय अनिश्चितता का माहौल बनाकर राज्य में आने वाले बड़े निवेश, उत्पादन, रोजगार और औद्योगिक विकास की संभावनाओं को प्रभावित किया जाए।

रघुवर बताएं उनके कार्यकाल में खनन प्रभावित इलाकों की समस्याएं क्यों दूर नहीं हुईं : केशव

संवाददाता

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने एमएमडीआर संशोधन बिल को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के बयान पर पलटवार किया है।उन्होंने कहा कि इस बिल से झारखंड के खनिज अधिकार और राज्य के राजस्व पर असर पड़ सकता है।केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा यहां की जनता, आदिवासियों और मूलवासियों की प्राकृतिक संपत्ति है। इससे मिलने वाला पैसा राज्य के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और खनन प्रभावित इलाकों के

विकास पर खर्च होना चाहिए।उन्होंने भाजपा से पूछा कि एमएमडीआर संशोधन के बाद राज्यों के अधिकार और मिनरल बियरिंग लैंड सेस की सुरक्षा की क्या गारंटी है।उन्होंने कहा कि केवल यह कहना कि खनिज से मिलने वाली राशि का 90 प्रतिशत राज्यों को मिलता है, पर्याप्त जवाब नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएफटी को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि डीएमएफटी का उद्देश्य खनन प्रभावित लोगों को पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और दूसरी जरूरी सुविधाएं देना है। अगर कहीं राशि के इस्तेमाल में देरी हो रही है तो सरकार इसे दूर करने का काम कर रही है।केशव महतो ने रघुवर दास से उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल का हिसाब मांगते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में खनन प्रभावित इलाकों की समस्याएं क्यों दूर नहीं हुईं।उन्होंने चाईबासा, धनबाद, चतरा और पाकुड़ जैसे इलाकों का जिक्र किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस खनिजों के वैज्ञानिक और पारदर्शी इस्तेमाल के खिलाफ नहीं है, लेकिन ऐसा कानून स्वीकार नहीं करेगी जिससे राज्यों के अधिकार कमजोर हों। उन्होंने कहा कि एमएमडीआर बिल की हर धारा पर सभी राजनीतिक दलों और प्रभावित लोगों के साथ चर्चा होनी चाहिए।केशव महतो ने कहा कि कांग्रेस झारखंड के खनिज अधिकार की लड़ाई विधानसभा से लेकर संसद और सड़क तक मजबूती से लड़ेगी।

पलामू में कार से 60 लाख का 121 किलो गांजा बरामद

संवाददाता

पलामू । पलामू जिले में नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 39 पर वाहन जांच के क्रम में एक कार से 121 किलो गांजा बरामद किया गया है। इसकी कीमत 60 लाख रुपए है। गांजा को उड़ीसा से हरिहरगंज ले जाया जा रहा था। इस सिलसिले में जिले के सतबरवा इलाके के दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिले के एसपी कपिल चौधरी ने बुधवार शाम पांच बजे बताया कि सतबरवा पुलिस ने मंगलवार रात गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की कार रोककर तलाशी ली, जिसमें डिक्की और आगे की सीट के

नीचे छिपाकर ले जाये जा रहे 117 पैकेट में 121 किलो गांजा मिला। मौके से दो मोबाइल और दो फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद हुए।

पुलिस ने मामले में सतबरवा के झाबर निवासी सनोज कुमार यादव उर्फ बाबू (25) और शम्भू कुमार यादव (30) को गिरफ्तार किया है। शंभू हरिहरगंज में सीएसपी संचालक है जबकि सनोज ड्राइवरी का काम करता है।मामले में सतबरवा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पांच दिन में जयराम महतो की गिरफ्तारी नहीं हुई तो राज्यभर में होगा आंदोलन : झारखंड पुलिस एसोसिएशन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रांची । धनबाद के बरवाअड्डा थाना प्रभारी रवि कुमार के साथ कथित फोन पर गाली-गलौज और धमकी देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने डुमरी विधायक जयराम महतो समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले में शीघ्र कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर गिरफ्तारी नहीं हुई तो राज्यभर के पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी आंदोलन करेंगे।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने सरकार और पुलिस प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन की धनबाद शाखा ने घटना के विरोध में पुलिसकर्मियों द्वारा काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी करने और ड्यूटी पर नहीं लौटने के निर्णय के लिए केंद्रीय संगठन से अनुमति मांगी है। एसोसिएशन ने कहा है कि पांच दिन के भीतर विधायक जयराम महतो और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो राज्य की सभी शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने बताया कि 25 अगस्त को धनबाद पुलिस एसोसिएशन, शाखा-धनबाद के पत्र के माध्यम से उन्हें घटना की जानकारी मिली। एसोसिएशन के अनुसार, 21 अगस्त की रात बरवाअड्डा थाना प्रभारी रवि कुमार को जयराम महतो ने फोन किया और कथित तौर पर धमकी दी कि उनका तबादला कराने के बावजूद राज्य के जिस थाने में वह रहेंगे, वहां उनकी नौकरी बर्बाद कर दी जाएगी।

एसोसिएशन का आरोप है कि फोन पर कथित धमकी के बाद देर रात विधायक अपने समर्थकों के साथ बरवाअड्डा थाना पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी की टेबल पर रखे सामान को इधर-उधर किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

पुलिस एसोसिएशन ने इसे पुलिस पदाधिकारी के सम्मान और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया है।

पुलिस एसोसिएशन के मुताबिक, घटना को लेकर बरवाअड्डा थाना में कांड संख्या 146/26, दिनांक 22 अगस्त 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 224, 132, 351(2), 352 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में विधायक जयराम महतो समेत करीब 10 लोगों को आरोपित बनाया गया है।

जयराम के खिलाफ कार्रवाई हुई तो होगा आंदोलन : जेएलकेएम

संवाददाता

रांची । पुलिस एसोसिएशन की विधायक जयराम महतो से सार्वजनिक माफी की मांग पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने पलटवार किया है। जेएलकेएम की ओर से डुमरी विधायक जयराम महतो के समर्थन में जेएलकेएम नेत्री बेबी देवी और दमयंती मुंडा ने प्रेस वार्ता कर पूरी घटनाक्रम पर अपनी बातें रखी और पुलिस प्रशासन और एसोसिएशन के रवैये पर कई गंभीर सवाल उठाए गए।जेएलकेएम नेत्री दमयंती मुंडा कहा कि जयराम महतो द्वारा कथित रूप से गाली दिए जाने के मामले को केवल एक हिस्से के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए. उनका कहना है कि करीब 11 मिनट के पूरे फुटेज और घटनाक्रम को सामने लाया जाना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विवाद की शुरुआत कैसे हुई और गाली देने की स्थिति क्यों बनी ?नेताओं ने कहा कि किसी व्यक्ति के गाली देने की घटना को सही नहीं ठहराया जा रहा है, लेकिन यह भी देखा जाना चाहिए कि ऐसी परिस्थिति क्यों पैदा हुई।उनके मुताबिक, जयराम महतो का बोलने और मुद्दों को उठाने का तरीका ही उनकी राजनीतिक पहचान बनी है और युवा वर्ग उनके इस तेवर को पसंद करता है।जेएलकेएम ने जयराम महतो को सामान्य परिवार से निकलकर विधायक बनने वाला नेता बताते हुए कहा कि वह किसान, छात्र, शिक्षक, भर्ती और भत्ता समेत झारखंड के विभिन्न मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। संगठन ने कहा कि यदि विधायक के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई या इस्तीफे की मांग को आगे बढ़ाया जाता है, तो जेएलकेएम भी आंदोलन को और तेज करेगा।

दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

कोडरमा । जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में चेन स्नैचरों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। बुधवार को अड्डी बंग्ला इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। घटना उस समय हुई, जब महिला टोटो से उतरकर घर के अंदर जाने वाली थीं। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार झुमरीतिलैया निवासी संगीता जैन बुधवार को अड्डी बंग्ला निवासी अजय जैन के घर खाना लेकर पहुंची थीं। जैन गुरु सुयश सागर जी महाराज के आगमन को लेकर उनके भोजन की व्यवस्था अजय जैन के घर की गई थी। संगीता जैन अपने जन्मदिन के अवसर पर गुरुजी को अपने हाथों से बनाया भोजन खिलाने के लिए वहां पहुंची थीं।

ईद मिलाद-उन-नबी पर जमशेदपुर में निकला जुलूस

पूर्वी सिंहभूम । ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर बुधवार को जमशेदपुर में जुलूस-ए-माहम्मदी पूरे धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ निकाला गया। मानगो स्थित गांधी मैदान से शुरू हुआ जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आमबागान की ओर बढ़ा। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए और पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी का इजहार किया। जुलूस में सबसे आगे उलेमा-ए-किराम चल रहे थे। उनके पीछे बड़ी संख्या में लोग पैदल शामिल हुए, जबकि बाइक, चार पहिया वाहनों और अन्य वाहनों पर सवार लोग भी जुलूस का हिस्सा बने। कई वाहनों पर बड़ी संख्या में लोग सवार होकर जुलूस के साथ आगे बढ़ते नजर आए। पूरे रास्ते सरकार की आमद मरहबा और नारे-ए-तकबीर की आवाज से माहौल गूंजता रहा।

कुख्यात अपराधी रियाज़ हुआ जिला बदर

रामगढ़ । रामगढ़ जिले से कुख्यात अपराधी रियाज अंसारी को जिला बदल कर दिया गया है। एसपी मुकेश कुमार लुनायत की अनुशंसा पर डीसी ऋतुराज ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। इसके साथ ही तीन अपराधियों को हर सप्ताह हाज़िरी लगाने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। डीसी के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जो कि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसाईयों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग कर रहे हैं पर सख्त कार्रवाई की। अपराधी धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसाईयों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारियों, कर्मियों को लेवी के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं।

रक्षाबंधन से पहले 200 किलो मिलावटी लड्डू जब्त

लोहरदगा । रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ जांच अभियान तेज कर दिया है। विभाग की टीम ने शहरी क्षेत्र में औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सुरक्षित भंडारण की जांच की।जांच के दौरान बीआईडी स्थित मेसर्स भोला साहू के प्रतिष्ठान में बिना वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में लड्डू का निर्माण किया जाता पाया गया। यहां करीब 150 किलोग्राम लड्डू में फंगस लगी मिली, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। वहीं बड़ा तालाब स्थित मेसर्स जिमी स्टोर एवं मेसर्स एम स्टार बेकरी के प्रतिष्ठानों में बिक रहे लड्डुओं की ऑन-स्पॉट जांच के दौरान हानिकारक अखाद्य रंग की मिलावट की पुष्टि हुई। दोनों प्रतिष्ठानों से करीब 50 किलोग्राम मिलावटी लड्डू जब्त किए गए। संबंधित प्रतिष्ठानों को भी नोटिस जारी किया गया।

चोरी की 10 बाइक के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार

रांची । राजधानी रांची के धुर्वा थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह को दबोचा है।पुलिस ने मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर चोरी की 8 मोटरसाइकिल समेत कुल 10 वाहन बरामद किए हैं।पुलिस का दावा है कि गिरोह रांची और सीमावर्ती जिलों में सक्रिय था और साप्ताहिक बाजारों से मोटरसाइकिल चोरी कर उनके नंबर प्लेट बदलकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचता था।पुलिस के मुताबिक, बीते दिन धुर्वा थाना पुलिस सिठियो-धुर्वा मार्ग स्थित स्वर्णरेखा नदी पुल के पास करीब 2~30 बजे वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग पुलिस को देखकर बाइक घुमाकर सिठियो की ओर भागने का प्रयास करने लगे।पुलिस ने पीछा कर तीनों को पकड़ा।

पत्रकारों से क्यों डर रही सरकार? : बाबूलाल मरांडी

सरकार कर रही पत्रकारों के साथ भेदभाव

संवाददाता

रांची । नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर पत्रकारों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में एक के बाद एक सरकारी संस्थानों में पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सबसे पहले रिम्स में पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाई गई।इसके बाद प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक लगी।जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम को सील कर पत्रकारों की पहुंच भी रोक दी गई। अब सदर अस्पताल में भी पत्रकारों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाए जाने की खबर है।उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अब थाना और दूसरे सरकारी दफ्तरों में पत्रकारों की एंट्री की

बारी है। बाबूलाल मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि कैमरे की मौजूदगी में कई काम करने में दिक्कत होती है।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार को समझना चाहिए कि पत्रकार सरकार के मेहमान नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रहरी हैं। पत्रकारों की एंट्री रोकने से सवाल नहीं रुकेंगे और कैमरे बंद करने से सच्चाई नहीं छिपेगी।

आवाज उठाने वाला हर व्यक्ति भाजपा की नजर में संदेहास्पद : विनोद

संवाददाता

रांची । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर में आदिवासी-मूलवासी, गरीब और अपने अधिकारों की आवाज उठाने वाला हर व्यक्ति संदेह की नजर से देखा जा रहा है। सवाल है कि क्या भाजपा की नजर में हर झारखंडी और केंद्र की नीतियों पर सवाल उठाने वाला व्यक्ति दिमागी नक्सल है।

विनोद पांडेय ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आंकड़े गिनाने से पहले उन गांवों का दर्द समझना चाहिए, जिनकी जमीन खनन के लिए गई, जंगल उजड़े और पीढ़ियां विस्थापन झेलती रहीं।

उन्होंने रघुवर दास के एमएमडीआर

संशोधन अधिनियम संबंधी बयान पर कहा कि 11 हजार करोड़ रुपये और करों के प्रतिशत की चर्चा से मूल सवाल नहीं छिपाया जा सकता। यदि खनिज से राज्य को लाभ मिल रहा है तो प्रभावित गांवों में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और रोजगार की कमी क्यों है। पांडेय ने कहा कि झामुमो खनन या औद्योगिक विकास का विरोधी नहीं है। उसकी मांग जमीन का सम्मान, जंगल और आदिवासी अधिकारों की रक्षा, स्थानीय युवाओं को रोजगार तथा खनिज संपदा में झारखंडी हित की प्राथमिकता है।

राष्ट्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे डॉ प्रदीप वर्मा

कहा- सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी है

संवाददाता

रांची । भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बनाए जाने के बाद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा बुधवार को पहली बार पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर प्रदीप वर्मा ने सबसे पहले पार्टी के संस्थापक नेताओं में शामिल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने प्रदीप वर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदीप वर्मा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पार्टी को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी मिलना उनके संगठन के प्रति समर्पण और मेहनत का सम्मान है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। प्रदीप वर्मा ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस संगठन के विस्तार और उसे मजबूत करने पर रहेगा। वह पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे।

मईयां सम्मान योजना से दर्जनों महिलाओं का नाम कटा, पंचायत सचिवालय पहुंचीं लाभुक

संवाददाता

धनबाद । धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बौआकला उत्तर पंचायत में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से दर्जनों महिलाओं का नाम हटाए जाने का मामला सामने आया है। भौतिक सत्यापन के बाद सूची से नाम काटे जाने की जानकारी मिलते ही दर्जनों महिलाएं पंचायत सचिवालय पहुंच गईं और अपना आक्रोश जताया।

महिलाओं का आरोप है कि वे योजना की पात्र लाभुक हैं, इसके बावजूद गलत तरीके से उनका नाम सूची से हटा दिया गया है।महिलाओं का कहना है कि उन्हें पहले मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा था। लेकिन हाल ही में हुए भौतिक सत्यापन के बाद अचानक उनका नाम लाभुकों की सूची से काट दिया गया।महिलाओं ने आरोप लगाया कि वे सभी योजना की पात्र लाभुक हैं और उनका नाम बिना उचित कारण के हटाया गया है। योजना का लाभ दोबारा शुरू कराने के लिए वे पिछले करीब तीन सप्ताह से पंचायत सचिवालय के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।वहीं बौआकला उत्तर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मीकांत रजक ने भी मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से योग्य लाभुकों का नाम हटाए जाने के कारण दर्जनों महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पलामू में युवक पर फायरिंग

पलामू । पलामू में बाइक से घर जा रहे एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। घटना मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता ओवरब्रिज से सटे डॉ अरूण शुक्ला अस्पताल रोड में हुई। गोली युवक के पेट में लगी। घटना के कुछ देर बाद पेट के हिस्से से खून निकलते देख कर उसे इसका एहसास हुआ। करीब एक घंटे बाद वह इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा, जहां उसका इलाज किया गया। घायल युवक की पहचान जितेंद्र पासवान (28) के रूप में हुई है।

रांची में औघड़ बाबा आश्रम के पास युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

रांची । राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में औघड़ बाबा आश्रम के समीप से बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक की पहचान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा कुम्हार टोली निवासी उपेंद्र कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि, पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निखिल राय ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है।

विधायक जनार्दन बने लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष

रांची । लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने चतरा विधायक जनार्दन पासवान को पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।इसकी औपचारिक घोषणा के बाद चतरा जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।जनार्दन पासवान करीब छह माह पूर्व पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए थे। पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए अब पूर्णकालिक प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है।जनार्दन पासवान पिछले करीब साढ़े तीन दशक से राजनीति में सक्रिय हैं। वे तीसरी बार चतरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें झारखंड में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

देवर की हत्या मामले में मां-बेटा गिरफ्तार

गढवा । जमीन के विवाद में रिश्तों को तार-तार कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। गढवा जिले के डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव स्थित यादव टोला में जमीन हड़पने की नीयत से भतीजे ने अपनी मां के साथ मिलकर सगे चाचा की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को मकई के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुये आरोपित भतीजे और उसकी मां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बुधवार को एसडीपीओ दिलू लोहार ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि 24 अगस्त को पुलिस को मकई के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी।

जेपीएससी-जेएसएससी आंदोलन : अमीषा प्रसाद ने पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल, सीबीआई जांच की मांग

संवाददाता

रांची । झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी)की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के बीच आंदोलनकारी अमीषा प्रसाद ने पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को रांची प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को लेकर कई आरोप लगाए। अमीषा ने आरोप लगाया कि झूठे मुकदमों के जरिए छात्रों और युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

अमीषा प्रसाद ने आंदोलनकारी छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने वाले शहबाज आलम पर भी निशाना साधा। उन्होंने उन्हें आमने-सामने बातचीत यानी टेबल टॉक की खुली चुनौती दी। अमीषा ने कहा कि यदि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप सही हैं तो संबंधित पक्ष सामने आकर उन आरोपों के प्रमाण पेश करे। आमने-सामने बातचीत से यह स्पष्ट हो सकता है कि लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है। दरअसल, शहबाज आलम की ओर से अमीषा प्रसाद के खिलाफ दंगा फैलाने और मारपीट जैसे आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। हालांकि, अमीषा का दावा है कि आंदोलन के दौरान छात्रों ने किसी भी तरह के प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया। अमीषा प्रसाद ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी पूर्व नोटिस या वारंट के घर से हिरासत में लिया गया और करीब छह से सात घंटे तक रखा गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सदर थाना प्रभारी की ओर से उन्हें पुराने मामलों में फंसाने का प्रयास किया गया। अमीषा के मुताबिक, मीडिया के सामने भी उनके संबंध में गलत जानकारी दी गई।

निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

बसंतराय। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं मदरसों से बुधवार को जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। जुलूस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न गांवों से निकले जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए राहा और शाहपुर पहुंचे, जहां अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी कर अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी।रूपनी, केवां, परसिया, कोरियाना, राहा, मांजर, पचुआकित्ता और लोचनी समेत विभिन्न गांवों एवं मदरसों से निकला जुलूस राहा स्थित मजार पर पहुंचा। यहां अकीदतमंदों ने श्रद्धा के साथ चादरपोशी की। वहीं भट्ठा, कासिम अलीटीकर, कदमा और जगतपुर से निकला जुलूस शाहपुर पहुंचा, जहां

थानारडीह पहुंचा भाजपा का प्रदेश प्रतिनिधिमंडल, पीड़ित परिवार से ली घटना की जानकारी

करमाटांड़ । थाना क्षेत्र के थानारडीह गांव में विगत दिनों हुई घटना को लेकर बुधवार को भाजपा झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने भूदेव महतो के घर पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही घर में हुई तोड़फोड़ और नुकसान का जायजा लिया।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भूदेव महतो की पत्नी, माता, पिता, भाई एवं भाभी से अलग-अलग बातचीत कर घटना की जानकारी प्राप्त की। भाजपा नेताओं ने कहा कि पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को सौंपी जाएगी। उन्होंने प्रशासन से नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल थानारडीह पहुंचा है। परिवार एवं ग्रामीणों से घटना की पूरी जानकारी ली जा रही है और इसकी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने घटना को लेकर कहा कि थानारडीह पहुंचने के बाद स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि झारखंड में बांग्लादेश या तालिबान जैसी स्थिति बन गई है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए एक समुदाय विशेष के लोगों को उकसाने का आरोप लगाया। हालांकि, ये भाजपा नेताओं के आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।मंजू देवी ने कहा कि भूदेव महतो के परिवार और घर पर बड़ी संख्या में लोगों द्वारा हमला कर घर को क्षतिग्रस्त किया गया तथा परिवार की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि यदि भूदेव महतो से कोई गलती हुई थी तो संबंधित लोगों को कानून का सहारा लेना चाहिए था।विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेकर उपद्रव करने और किसी को प्रताड़ित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन इस तरह की घटना को किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता।

ईद मिलादुन्नबी पर खैरा में निकली शोभायात्रा

नाला (जामताड़ा)। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर खैरा सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर शोभायात्रा निकाली गई। मौलाना की देखरेख में निकली शोभायात्रा गांव और बाजार के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों ने अमन, शांति और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान धार्मिक नारों के साथ लोगों ने क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से भी विशेष तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मियों ने जुलूस के मार्ग पर निगरानी रखी और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया।इस अवसर पर नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक बिहारी मरांडी, बिंदापाथर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, समाजसेवी सफीक अंसारी, बीस सूत्री सदस्य जनार्दन भंडारी, गौर प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

मथुरा में जल सहिया ने ग्रामीणों के साथ की बैठक, स्वच्छता के विभिन्न आयामों की दी जानकारी

नाला (जामताड़ा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत अंतर्गत दिया पंचायत के मथुरा गांव में स्वच्छता एवं पोषण को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल सहिया सांतना माजि ने ग्रामीणों को स्वच्छता के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए शुद्ध पेयजल के उपयोग और बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया।उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में पानी को उबालकर पीने के साथ-साथ घर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से जलजमाव नहीं होने देने की अपील की।जल सहिया ने बताया कि गंदगी के कारण मच्छर और मक्खियों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। इनसे बचाव के लिए नियमित रूप से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को घर के आसपास कचरा जमा नहीं करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की सलाह दी।बैठक में दयामय मंडल, आराधना मंडल, विक्रम मंडल, लक्ष्मीकांत मंडल, विष्णु कुमारी मंडल, शकुंतला मंडल, निरूपमा माजी, तनु पाल, छाया रानी मंडल, तीर्थमय मंडल, विशाल माजी, शुभम मंडल, कालिदासी मंडल आदि मौजूद थे।

संतमत सत्संग आयोजित

महागामा। प्रखंड मुख्यालय स्थित महर्षि मेंही आश्रम, केंचुआ चौक, महागामा में एक दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन स्वर्गीय गीता दीदी की 12वीं पुण्यतिथि पर किया गया। इस शुभ अवसर पर महर्षि मेंही आश्रम, धोरैया, बांका (बिहार) से पधारे परम पूज्य स्वामी अनुपम जी महाराज एवं महेशलिट्टी से पधारे परम पूज्य हरदेव बाबा ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी की मृत्यु पर दुख व्यक्त नहीं करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में उपदेश दिया है कि आत्मा अजर, अमर, अविनाशी है। जिस प्रकार हम वस्त्र के जीर्ण होने पर नूतन वस्त्र धारण करते हैं, इसी प्रकार आत्मा शरीर के पुराने होने पर शरीर बदलता है। मृत्यु होने पर जीवात्मा अपने कर्मों के अनुसार नया शरीर प्राप्त करता है। अतः हमें सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए। स्वयं को जानने के लिए, परमात्मा को जानने के लिए गुरु धारण कर उनसे युक्ति प्राप्त कर ज्ञान के द्वारा अनुभव कर सकते हैं। जिसने अपनी आत्मा पर पड़े आवरण को हटा लिया, उसी का जीवन सफल है।कहा, हम लोग बहुत ही भाग्यशाली हैं कि महर्षि मेही परमहंस जी महाराज जैसे संत सतगुरु सुलभ प्राप्त हुए।

रक्षाबंधन पर जामताड़ा की 2.58 लाख महिलाओं-पेंशनधारियों को मिली राहत, खातों में पहुंची सम्मान व पेंशन राशि

जामताड़ा। जिला प्रशासन ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत अगस्त माह की सम्मान एवं पेंशन राशि लाभुकों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देशन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भौतिक सत्यापन के बाद यह भुगतान किया गया।झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जिले की 1,52,741 महिला लाभुकों के खातों में अगस्त माह की 2,500 रुपये प्रति लाभुक की दर से सम्मान राशि पीएफएमएस/डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। रक्षाबंधन के अवसर पर राशि मिलने से लाभुकों को आर्थिक सहारा मिला है।इसी तरह सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 1,05,790 लाभुकों को अगस्त माह की पेंशन राशि एपीबीएस/पीएफएमएस के माध्यम से बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इनमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के 79,704, निराश्रित महिला सम्मान पेंशन के 12,844, आदिम जनजाति पेंशन के 1,215, एचआईवी/एड्स पीड़ित सहायता पेंशन के 74 तथा स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के 11,953 लाभुक शामिल हैं।जिला प्रशासन ने कहा कि योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सभी पात्र लाभुकों तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

आजीविका कैडरों की मांगों पर जल्द होगी विभागीय कार्रवाई : मंत्री दीपिका पांडेय

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोड्डा। ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में आजीविका कैडरों की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार उनके योगदान का सम्मान करती है और उनकी समस्याओं के न्यायोचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। यह बातें ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय स्थित एफएफपी भवन में आजीविका कैडर संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कहीं।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष लंबित मानदेय का भुगतान, मानदेय में वृद्धि और समय पर मानदेय भुगतान समेत विभिन्न मांगें रखीं। प्रतिनिधियों ने बताया कि मानदेय से जुड़ी समस्याओं के कारण कैडरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कैडर महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांव की महिलाओं और परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में उनका योगदान अहम है।

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ विचार किया जाएगा तथा आवश्यक विभागीय कार्रवाई जल्द की जाएगी। साथ ही लंबित मानदेय के भुगतान से संबंधित प्रक्रियाओं को भी शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए विभागीय स्तर पर पहल की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने वाले आजीविका कैडरों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर है। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आठ दिन से 'मोक्ष' की प्रतीक्षा में दो शव, सदर अस्पताल और प्रशासन के बीच जिम्मेदारी को लेकर खींचतान

संवाददाता

जामताड़ा। जामताड़ा सदर अस्पताल में दो शव कई दिनों से अंतिम संस्कार की प्रतीक्षा में पड़े हैं। एक शव को आठ दिन बीत चुके हैं, जबकि दूसरे की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। शवों के अंतिम संस्कार को लेकर अस्पताल प्रबंधन और पुलिस-प्रशासन के बीच जिम्मेदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि एक मृतका के परिजनों का पता होने के बावजूद वे शव लेने से इनकार कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, 20 अगस्त को मिहिजाम के कांगोई निवासी सोहाडी मरांडी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से संपर्क करने के लिए फोन किया, लेकिन पहले टालमटोल के बाद फोन उठाना भी बंद कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतका के परिजन घर छोड़कर कहीं अन्यत्र चले गए हैं।दूसरा शव एक वृद्ध व्यक्ति का है। 19 अगस्त की रात करीब आठ बजे सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े मिलने के बाद पुलिस की मदद से 108 एंबुलेंस से उसे सदर अस्पताल लाया गया था। चेहरे पर मामूली चोट थी, जिसकी ड्रेसिंग की गई। बाद में उसे मेल वार्ड में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 23 अगस्त को उसकी मौत हो गई।अस्पताल प्रबंधक विनित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना दी जा चुकी है और लावारिस शवों का अंतिम संस्कार अस्पताल प्रबंधन के स्तर से नहीं कराया जाता। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों शवों की सूचना लिखित रूप से दी गई है और अंतिम संस्कार की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा। अब सवाल यह है कि जब दोनों शव अस्पताल में हैं तो अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

कर्माटांड़ में गूंजा मोहम्मदी जुलूस का पैगाम, फ्लैग मार्च के बीच दिखी अमन-भाईचारे की मिसाल

कर्माटांड़। घोषबाद में जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया और जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर बुधवार को प्रखंड कर्माटांड़ के विभिन्न गांवों से मोहम्मदी जुलूस निकाला गया। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की पैदाइश की खुशी में निकाले गए इस जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।जुलूस को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो और किसी भी तरह की अप्रिय घटना या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन की मौजूदगी के बीच लोगों ने भी संयम और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए शांतिपूर्वक जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान लोगों ने अमन, शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी केवल खुशी मनाने का अवसर नहीं बल्कि इंसानियत, मोहब्बत शांति और भाईचारे का पैगाम देने का भी मौका है। इस अवसर पर लोगों ने देशवासियों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी और माह-ए-रबीउल अव्वल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा मुल्क विविधताओं से भरा हुआ है। यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी मिलकर रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े होते हैं।

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत गोड्डा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा = जिला अंधापन नियंत्रण समिति के तत्वावधान में 41वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित शकुंतला नर्सिंग स्कूल, क्रिस्ट राजा नर्सिंग स्कूल, क्रिस्ट राजा हॉस्पिटल एवं महिला आरोग्य समिति, जाहेर टोला, वार्ड संख्या-20, नगर परिषद में नेत्रदान पखवाड़ा के तहत टॉक शो, वर्कशॉप एवं सामुदायिक बैठक सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यह पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर 2026 तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों को नेत्रदान के महत्व की जानकारी देना, नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा अधिक से अधिक लोगों को मृत्यु के पश्चात नेत्रदान के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएनएम आराधना कुमारी ने कहा कि मृत्यु के बाद नेत्रदान किया जा सकता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान एक महान एवं पुनीत कार्य है, जिसके माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति के अंधकारमय जीवन में प्रकाश लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की दृष्टि कॉर्निया की खराबी के कारण प्रभावित हो गई है, उनमें कॉर्निया प्रत्यारोपण के माध्यम से दृष्टि वापस लाने में मदद मिल सकती है। मृत्यु के बाद निर्धारित समय-सीमा के भीतर नेत्रदान की प्रक्रिया प्रशिक्षित नेत्र विभाग की टीम द्वारा पूरी की

ज्ञानस्थली प्रीमियर लीग- बोस हाउस को चार विकेट से हराकर गांधी हाउस बना चैंपियन

गोड्डा। जिला मुख्यालय के प्रतिष्ठित ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में आयोजित %ज्ञानस्थली प्रीमियर लीग% का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबले में गांधी हाउस ने बोस हाउस को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच का शुभारंभ विद्यालय के प्रशासक समीर दुबे ने किया। जिसके बाद खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट और राष्ट्रगान के साथ खेल भावना का परिचय दिया।टॉस जीतकर गांधी हाउस ने पहले गेंदबाजी चुनी। बल्लेबाजी करने उतरी बोस हाउस की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 47 रन ही बना सकी। टीम की ओर से प्रवीण ने 10 और कृष्ण ने 7 रन बनाए। गांधी हाउस के कप्तान राशिद ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि अमर और रवि ने 2-2 विकेट हासिल किए।

महागामा में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

महागामा संवाददाता । ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को सुन्नी जामा मस्जिद महागामा से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के जन्मदिन की खुशी मनाई।जुलूस महागामा बाजार की विभिन्न गलियों से होकर गुजरा। इस दौरान लोगों ने अमन, भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का संदेश दिया। जुलूस में शामिल मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद नाजिर, मोहम्मद इजराफिल और शमीम अख्तर ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के आगमन से दुनिया को शांति, इंसानियत और नेकी का संदेश मिला। उन्होंने लोगों को सच्चाई और इंसानियत की राह पर चलने की सीख दी।सदर हारून रशीद ने कहा कि पैगंबर साहब ने हमेशा अमन-चैन, भाईचारे और इंसाफ की शिक्षा दी। हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में प्रेम और सौहार्द कायम रखने का प्रयास करना चाहिए।

खान-खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ जागरूकता अभियान को लेकर झामुमो की बैठक

मेहरमा। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के निर्देशानुसार बुधवार को मजदूर भवन, मेहरमा में झामुमो प्रखंड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला सचिव बासुदेव सोरेन, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र उरांव एवं जिला संगठन सचिव गुलजारी लाल दास उपस्थित रहे। बैठक में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में जनजागरूकता अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी 7 सितंबर 2026 को प्रखंड मुख्यालय मेहरमा में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीति तैयार की गई।इस दौरान सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सचिवों को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित कर लोगों को विधेयक के विरोध में जागरूक करें तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 7 सितंबर के धरना-प्रदर्शन को सफल बनाएं। कार्यकर्ताओं से अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने और जन-जन तक मुद्दे की जानकारी देने की अपील की गई।बैठक में जिला समिति सदस्य धर्मेंद्र तिर्की, हरिनंदन उरांव, पंकज दास, ईश्वर मरांडी, प्रखंड सचिव ताला टुडू, उपाध्यक्ष मिथिलेश दास, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ललन बेसरा, सचिव चंदन राणा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मो. आलम, महिला मोर्चा प्रखंड सचिव सुमन देवी सहित राधिका देवी, लक्ष्मीकांत यादव, सुधांशु पासवान, रामबिलास कुजूर, मंजू मरांडी, चंदन कुमार, बब्लू सोरेन, प्रकाश हेम्ब्रम, राजेश पंडित, नकुल पासवान, सुखदेव दास समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मंत्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

महागामा संवाददाता । पंचायती राज मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आमजनों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त क्षेत्र की समस्याओं को भी सुना।बैठक में मंत्री ने एसआईआर के तहत जारी नोटिस एवं मतदाता सूची से जुड़े मामलों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उनके मामलों में पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न हटे और प्रत्येक नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा हो सके। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लोगों को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराएं तथा यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे और कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न हो। बैठक में संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय जनसमस्याओं और जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और उनके समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया।

फतेहपुर में ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस

फतेहपुर (जामताड़ा)।पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को फतेहपुर प्रखंड में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। फतेहपुर, बनगढ़ी, खिजुरिया सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से निकले जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए पूरे फतेहपुर बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान सड़कों पर नात-ए-पाक और पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में लगाए जा रहे नारों की गूंज सुनाई देती रही। जुलूस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखा गया।जश्न-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए इस जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। लोग हाथों में धार्मिक झंडे लेकर तथा पैगंबर साहब की शान में नात पढ़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। तीनों गांवों से पहुंचे जुलूस फतेहपुर में एक साथ शामिल होने से पूरा माहौल उत्साहपूर्ण नजर आया। जुलूस के दौरान लोगों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। जुलूस में शामिल लोगों के स्वागत और सेवा के लिए गांवों में जगह-जगह व्यवस्था की गई थी।

नातों और नारों से गूंजा जामताड़ा, जुलूस-ए-मोहम्मदी ने दिया भाईचारे का पैगाम

जामताड़ा। पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस के मौके पर बुधवार को जामताड़ा शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी का भव्य आयोजन किया गया। सरखेलडीह, पाकड़ी समेत आसपास के दर्जनों गांवों और विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद इसमें शामिल हुए। नात और धार्मिक नारों से शहर का माहौल भक्तिमय नजर आया।अलग-अलग क्षेत्रों से निकले जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए शहर में पहुंचे। जुलूस में शामिल लोगों ने पैगंबर साहब की शान में नात पेश करते हुए प्रेम, इंसानियत, आपसी सम्मान और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने जुलूस का स्वागत किया।राजबाड़ी कमेटी की ओर से अकीदतमंदों के लिए शरबत और खजूर की व्यवस्था की गई। आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। बीडीओ अबिश्वर मुर्मू और थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो पुलिस बल के साथ लगातार व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इमाम मौलाना अख्तर राजा ने कहा कि पैगंबर साहब की पैदाइश का दिन खुशी का अवसर है और जुलूस के माध्यम से भाईचारे का संदेश दिया गया। झामुमो नेता लालू अंसारी और जसीम अंसारी ने जामताड़ा की गंगा-जमुनी तहजीब को रेखांकित करते हुए इंसानियत व सौहार्द को मजबूत करने का आह्वान किया।

मोहडार में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकला आकर्षक जुलूस

नारायणपुर(जामताड़ा) प्रखंड के मोहडार ,पतरोडीह, कोरिडीह एवं ईदगाह टोला सहित अन्य ग्राम में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को उत्साह एवं श्रद्धा के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान प्रशासन की टीम ने भी जुलूस के दौरान सहयोग किया और व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाई।जुलूस के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम में भाग लिया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत भी किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौलवी मौलाना ,मदरसा के छात्र छात्राएं एवं ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर मौलाना जाकिर साहब, मो असलम, मो मंताज, जान मोहम्मद, कयूम, सद्दाम, मकसूद, हसरत, तनबीर, सिराज सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल रहा। लोगों ने आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ पर्व मनाया।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में जावा महुआ और तैयार शराब नष्ट

महागामा। प्रखंड के हनवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्वासखानी गांव में अवैध देसी शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गांव में अवैध शराब के कारोबार की सूचना मिलने के बाद हनवारा थाना पुलिस की टीम ने विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। अचानक हुई पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।पुलिस टीम ने गांव के संभावित ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी ली और अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री से जुड़ी गतिविधियों के संबंध में स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई। पुलिस की अचानक हुई कार्रवाई के बाद शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच खलबली मची हुई है। वहीं, ग्रामीणों में भी पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर चर्चा है और लोगों को उम्मीद है कि इससे गांव में लंबे समय से चले आ रहे अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लग सकेगी।बताया जा रहा है कि पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, का भंडारण और बिक्री करने वालों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है। थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा अभियान को और तेज किए जाने की बात कही जा रही है।हनवारा थाना प्रभारी विकास कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शराब का निर्माण और बिक्री करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से विश्वासखानी गांव में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस से ऐसे अभियान को लगातार जारी रखने की मांग की है, ताकि गांव में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

नर्सिंग छात्रों के साथ 5 साल से खिलवाड़, जिम्मेदार कौन?

मध्य प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा पिछले पांच वर्षों से ऐसी उलझी पड़ी है, जिसका सिरा तलाश करते-करते विद्यार्थी थक गए। भ्रष्टाचार और अव्यवस्था में उलझी होने के कारण इसकी पूंछ का सिरा भी नहीं पकड़ पा रहे हैं। व्यवस्था में सुधार होने की कल्पना करना भी अब व्यर्थ लगने लगा है। कभी नर्सिंग काउंसिल कटघरे में खड़ी दिखाई देती है, कभी विश्वविद्यालय, कभी सरकार की नीतियां सवालों के घेरे में आती हैं। कभी कॉलेजों के निरीक्षण तथा मान्यता पर सवाल उठते हैं। सीबीआई जैसी जांच एजेंसी के ऊपर भी प्रश्न चिन्ह लग चुके हैं। मामला पिछले कई सालों से हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई को जांच का जिम्मा दिया गया। जांच एजेंसियां सक्रिय होती हैं, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है। अंततः नर्सिंग छात्रों की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। एडमिशन और फीस के नाम पर छात्र हर साल ठगे जा रहे हैं। समय पर परीक्षा नहीं हो रही है। किस नर्सिंग कॉलेज को मान्यता है, किसको नहीं है यह भी छात्रों को पता नहीं चल पाता है। हर स्तर पर भारी भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामले सामने आते हैं। इसका कोई इलाज हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट या सरकार के पास नहीं है। हाथ में फीस की रसीद और आंखों में अपने भविष्य का सवाल लेकर छात्र यहां से वहां भटक रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है, इस पूरे विवाद की कीमत आखिर कौन चुका रहा है? सरकार नहीं, नर्सिंग काउंसिल नहीं, विश्वविद्यालय नहीं और वे कॉलेज भी नहीं जिन पर गंभीर आरोप लगे हैं। कीमत चुका रहा है, वह विद्यार्थी, जिसने नर्सिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सपना देखा था। जिन विद्यार्थियों ने 2020-21 के आसपास नर्सिंग में प्रवेश लिया, उनकी पढ़ाई सामान्य परिस्थितियों में 3 वर्षों में पूरी हो जानी चाहिए थी। पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश, मान्यता, परीक्षा, परिणाम और विश्वविद्यालय से जुड़े विवादों में फंसा हुआ है। विद्यार्थी की उम्र बढ़ गई, शिक्षा पर होने वाला खर्च बढ़ता गया। उसे यह भी नहीं मालूम कि उसकी शिक्षा कब पूरी होगी, कब वह नौकरी के लिए अप्लाई करेगा। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं है, यह युवा पीढ़ी के साथ अन्याय है। इसके साथ ही चिकित्सा व्यवसाय में लोगों को प्रशिक्षित नर्स पिछले कई वर्षों से नहीं मिल पा रही हैं। मध्य प्रदेश दूसरे राज्यों की तुलना में तेजी के साथ बढ़ गया है। प्रशिक्षित नर्स की मांग विदेश में भी बनी हुई है। नर्सिंग के छात्र हर जगह से ठगे जा रहे हैं। उनका करियर बर्बाद हो रहा है।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर और ग्वालियर खंडपीठ में नर्सिंग से जुड़े मामले लंबे समय से सुनवाई में हैं। सीबीआई जांच तक हुई। कॉलेजों के निरीक्षण, अस्पतालों की उपलब्धता, मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया पर सवाल उठे। कागजों पर अस्पताल दिखाकर मान्यता लेने जैसी गड़बड़ियां हुईं, तो यह केवल किसी निजी कॉलेज की गलती नहीं मानी जा सकती। सवाल यह है, निरीक्षण करने वाली व्यवस्था ने क्या देखा? किसने रिपोर्ट दी? किसने मान्यता दी? किसने प्रवेश की अनुमति दी? अगर अस्पताल था ही नहीं, तो निरीक्षण किस आधार पर हुआ? अगर कॉलेज मानकों पर खरा नहीं उतरता था, तब विद्यार्थियों को प्रवेश क्यों मिला? अगर सब कुछ नियमों के मुताबिक था, तो पांच साल बाद विद्यार्थी अदालतों के चक्कर क्यों लगा रहे हैं? विडंबना देखिए, एक ओर प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की देश और विदेश में भारी कमी बनी हुई है, अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सों की जरूरत है। दूसरी ओर हजारों-लाखों विद्यार्थियों का समय प्रशासनिक और कानूनी भूलभुलैया में फंस गया है। पिछले 5 साल से हाईकोर्ट में मामला होते हुए नर्सिंग के छात्र आज भी यहां से वहां भटक रहे हैं। उन्हें किसी भी स्तर पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। यह कैसी चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था है, जिसमें मरीज को नर्स नहीं मिलती और नर्सिंग विद्यार्थी को शिक्षा पूरी करने का अवसर नहीं मिलता? हर जगह लापरवाही और लूट देखने को मिल रही है।

सबसे गंभीर प्रश्न न्यायिक जवाबदेही का भी है।

चीनी की कड़वाहट के बाद क्या अब प्याज निकालेगा आंसू?

-ओ.पी. पाल

भारत में प्याज जैसे खाद्य सामग्री का संकट, पिछले कुछ दशकों में राजनीतिक और आर्थिक इतिहास बदलने का गवाह बनते देखा गया है। इसका कारण भी स्पष्ट रहा है कि भारतीय रसोई की नींव अगर स्वाद, सेहत और सुगंध पर टिकी है, तो उसमें चीनी की मिठास और प्याज का तड़का दो सबसे मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। लेकिन हाल के दिनों में खाद्यान्न और खाद्य पदार्थों के दामों में उतार-चढ़ाव ने आम उपभोक्ता के घरेलू बजट की गणित को पूरी तरह बिगाड़ कर रख दिया है। पहले तो खाद्य तेलों और चीनी की कीमतों में आई नरमी अचानक दामों में उछाल में बदल गई और अब बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतें आम आदमी की आंखों में आंसू लाने की शुरुआत कर दी है। सवाल यह उठता है कि क्या चीनी की कड़वाहट के बाद अब प्याज वाकई आमजन को रुलाने की तैयारी में है? हालांकि, स्थिति गंभीर होने से पहले ही केंद्र व राज्य सरकारों ने मोर्चा संभाल लिया है। जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कानूनी शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, चीनी की कड़वाहट के बाद प्याज की अचानक बढ़ती किमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने विशेष योजना तैयार की है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने (24 अगस्त को) जानकारी दी है कि महाराष्ट्र के नासिक से प्याज का सरकारी बफर स्टॉक 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए देश के प्रमुख खपत केंद्रों तक भेजना शुरु किया है। प्रथम चरण में प्याज की खेप चेन्नई, मदुरै, दिल्ली, एर्नाकुलम और गुवाहाटी भेजी जा रही है। नासिक के बफर स्टॉक से 'कांदा एक्सप्रेस' के रेल रैक के जरिए पहुंचाई जा रही इस आपूर्ति को थोक और खुद दोनों बाजारों में उतारा जाएगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) जैसी सरकारी एजेंसियों के माध्यम से खुदरा बाजार में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज बेचा जाएगा। केंद्र सरकार के पास चालू वर्ष के लिए 1.21 लाख टन प्याज का सुरक्षित बफर स्टॉक उपलब्ध है, जो घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह पर्याप्त है। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले महीनों में देश में प्याज की उपलब्धता संतोषजनक रहेगी। बफर स्टॉक की स्थापना नाफेड और एनसीसीएफ के जरिए आपात स्थिति और त्योहारों के दौरान कीमतों को स्थिर रखने के लिए ही की जाती है। उपभोक्ता पर महंगाई की दोहरी मार उपभोक्ताओं पर पड़ने वाली यह महंगाई केवल आंकड़ों का खेल नहीं है बल्कि इसका सीधा असर एक आम नागरिक की थाली और उसकी बचत पर पड़ता है। जब रसोई के चीनी, दालें, एडिबल ऑयल और प्याज जैसे मूल सामान महंगे होते हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान निम्न और मध्यम वर्ग का होता है। एक सामान्य भारतीय परिवार के मासिक खर्च में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 40 फीसदी से 50 फीसदी तक होती है। जब प्याज और चीनी जैसी बुनियादी चीजें महंगी होती हैं तो शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन जैसे अन्य अनिवार्य खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। वहीं, महंगाई के कारण लोग गुणवत्तापूर्ण खानपान से समझौता करने को मजबूर हो जाते हैं। सब्जियों और दालों के कम उपयोग से बच्चों और महिलाओं में पोषण संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्त रवैया

सरकार ने बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने और जमाखोरी रोकने के लिए हमेशा ही एक बहुस्तरीय रणनीति अपनाती है, जिसमें जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत राज्यों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि वे थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए स्टॉक लिमिट तय करें। वहीं, मंडियों में अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ छापेमारी और सख्त कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। केंद्र सरकार नैफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) और एनसीसीएफ के माध्यम से लाखों टन प्याज का बफर स्टॉक बनाकर रखती है। जब खुदरा बाजार में कीमतें बढ़ती हैं तो रियायती दरों पर मोबाइल वैन और सरकारी आउटलेट्स के जरिए उपभोक्ताओं तक प्याज पहुंचाया जाता है। प्याज और चीनी के निर्यात पर जरूरत पड़ने पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया जाता है या निर्यात को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाता है ताकि घरेलू बाजार में उपलब्धता बनी रहे।

आवश्यकता पड़ने पर अन्य देशों से प्याज व चीनी के आयात को सुगम बनाने के लिए कस्टम ड्यूटी (सीमा शुल्क) घटाई जाती है।प्याज संकट ने कैसे बदले राजनीतिक और आर्थिक इतिहास भारत के राजनीतिक और आर्थिक इतिहास में प्याज का विशेष स्थान रहा है। प्याज केवल एक सब्जी नहीं बल्कि एक ऐसा संवेदनशील कारक रहा है जिसने कई बार चुनाव के नतीजे बदले हैं और सरकारों को हिलाकर रख दिया है। मसलन देश में साल 1980 का प्याज चुनाव भारतीय राजनीति में प्याज का पहला बड़ा प्रभाव 80 के आम चुनाव में देखने को मिला। उस समय तत्कालीन जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल में प्याज के दाम आसमान छूने लगे थे। इंदिरा गांधी ने प्याज की महंगाई को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया और गले में प्याज की माला पहनकर प्रचार किया।

नतीजतन, जनता पार्टी की सरकार गिर गई और कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई। इसी प्रकार भारतीय इतिहास का सबसे चर्चित खाद्य संकट साल 1998 का प्याज संकट माना जाता है, जब महाराष्ट्र और कर्नाटक में बेमौसम बारिश से प्याज की फसल पूरी तरह तबाह हो गई थी। उस समय दिल्ली और राजस्थान विधानसभा चुनावों में तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।

साल 2010 में प्याज संकट तब आया, जब नासिक और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में अत्यधिक और बेमौसम बारिश के कारण खरीफ की फसल खराब हो गई। ऐसे समय में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान से प्याज का आयात किया और निर्यात पर पूरी तरह रोक लगाई और सीमा शुल्क शून्य कर दिया।

व्यापार युद्ध, भारत के लिए अवसर

- डॉ. प्रियंका सौरभ

अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ विवाद बढ़ने से वैश्विक व्यापार प्रणाली में मूलभूत बदलाव का संकेत मिलता है। अगस्त 2026 में अमेरिका ने लगभग 20 अरब डॉलर मूल्य के कनाडाई सामानों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाया, जिसके जवाब में कनाडा ने अमेरिकी आयात पर 15 से 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि व्यापार अब केवल आर्थिक सहयोग का साधन नहीं रह गया है, बल्कि भू-राजनीतिक हितों को साधने और दबाव बनाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में इसका उपयोग तेजी से किया जा रहा है। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या कम हो सकती है लेकिन भारत जैसे देश के लिए जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, इसके आर्थिक और रणनीतिक परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं।

अमेरिका और कनाडा के बीच विवादों का लंबा इतिहास है, जिसमें बाज़ार पहुँच, घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के उपाय और नियामक बाधाओं से संबंधित शिकायतें शामिल हैं। अमेरिका ने डेयरी उत्पादों, ऑटोमोबाइल, शराब, फर्नीचर, सीमेंट और अन्य वस्तुओं पर टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की, जिसके जवाब में कनाडा ने अमेरिकी स्टील, कृषि उपकरण और उपभोक्ता उत्पादों पर टैरिफ लगाए। वर्तमान में, दोनों देशों के बीच व्यापार का मूल्य 880 अरब डॉलर से अधिक है, जिसका अर्थ है कि एक लंबा व्यापार युद्ध केवल इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहेगा। यह असहमति ऐसे समय में सामने आई है जब अन्य देश भी अमेरिकी व्यापार, विशेष रूप से अन्य अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ अधिक टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएँ लगा रहे हैं। इससे उत्तरी अमेरिका में आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता और नियमों पर आधारित वैश्विक व्यापार प्रणाली पर संदेह पैदा हो गया है। भारत में बाहरी मांग में संभावित मंदी पहला झटका साबित हो सकती है। अमेरिका और कनाडा भारत के बड़े व्यापारिक साझेदार होने के साथ-साथ भारतीय दवाइयों, आईटी सेवाओं, वस्त्रों, इंजीनियरिंग उत्पादों और कई अन्य उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हैं। टैरिफ युद्ध, जो उत्तरी अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं के उपभोग और निवेश को बाधित करता है, भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में भारतीय कंपनियां उत्तरी अमेरिकी कंपनियों को घटक, मध्यवर्ती वस्तुएं और व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करती हैं। आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, लागत में वृद्धि और अनिश्चितता के कारण इन कंपनियों को नए जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। मुद्रास्फीति भी एक खतरा है। जवाबी शुल्क के चलते इस्पात, एल्युमीनियम और कृषि उत्पादों जैसे आवश्यक उत्पादों पर वैश्विक स्तर पर असर पड़ सकता है। यदि इन मूल्य वृद्धि का प्रभाव भारत तक पहुंचता है तो इससे घरेलू उत्पादन लागत और मुद्रास्फीति पर दबाव पड़ सकता है। इससे आरबीआई के मौद्रिक नीति प्रबंधन में जटिलता आ सकती है। साथ ही, वैश्विक व्यापार नीति के नियमित हिस्से के रूप में बढ़ते संरक्षणवाद से भविष्य में भारत के निर्यात पर शुल्क, तकनीकी मानक और अन्य गैर-शुल्क बाधाएं भी बढ़ सकती हैं।

इस संकट से भारत के लिए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

व्यापार में बदलाव के चलते, उच्च शुल्क के कारण आयात महंगा हो गया है और आयातक वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश कर रहे हैं।

इससे भारतीय कंपनियों को अमेरिका और कनाडा के बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। भारतीय वस्त्र उद्योग, चमड़ा उद्योग, आभूषण उद्योग, फर्नीचर उद्योग और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के लिए बेहतर संभावनाएं बन सकती हैं क्योंकि अमेरिकी बाज़ार में कनाडाई सामान महंगा होता जा रहा है। इसी तरह, यदि कनाडा अपने व्यापार के लिए नए स्रोत तलाश रहा है तो भारत के लिए मशीनरी और इंजीनियरिंग सामान, कृषि उपकरण, वस्त्र और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे अन्य क्षेत्रों में विस्तार करने के अवसर हैं।इससे भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन से लाभ उठाने का अवसर भी मिलता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा अपनी मूल्य श्रृंखला को किसी एक देश या क्षेत्र में विस्तारित करने का चलन है। भारत अपने विशाल घरेलू बाजार, अपेक्षाकृत बड़ी श्रमशक्ति, बढ़ती विनिर्माण क्षमता और विकसित बुनियादी ढांचे के कारण इस परिवर्तन से लाभ उठा सकता है। हालांकि, कम लागत ही पर्याप्त नहीं होगी। विश्वसनीय आपूर्ति, उच्च गुणवत्ता, समय पर वितरण और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों का पालन भी महत्वपूर्ण होगा।

पाकुड़ की खबरें

पाकुड़ में मासूम बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, दो नाबालिग निरुद्ध

पाकुड़, । पाकुड़ जिले के मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र में एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने गांव के ही दो नाबालिगों के खिलाफ मालपहाड़ी ओपी में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया है। ओपी प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता ने मामले की पुष्टि की है।पीड़िता की मां के अनुसार, 25 अगस्त को दिन करीब 11 बजे बच्ची खेलने के लिए घर से बाहर निकली थी। करीब एक घंटे बाद वह रोते-बिलखते घर लौटी। बच्ची को जख्मी हालत में देखकर उसकी मां घबरा गई।शिकायत में बताया गया है कि गांव की एक महिला ने बच्ची के साथ नवनिर्मित मकान में कथित तौर पर गलत होते देखा था। महिला ने इसकी जानकारी बच्ची की मां को दी। इसके बाद पीड़िता की मां मालपहाड़ी ओपी पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दी।शिकायत मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया और दोनों नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया। ओपी प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में कांड संख्या 200/26 दर्ज कर पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया है। ओपी प्रभारी के अनुसार, दोनों नाबालिगों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

पूर्व रेलवे

ई-ठिका खोबोर संख्याः ओ-एसी-टी-120 खोन 123-26-27 (खुला), माहित 24.08.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिकाको (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस संख्याः**ओ-एसी-टी-120-26-27, **कामी रेयाक् जुतुमः** आसनसोल मंडल रे ठिकादाराक् मोबाइल लैश बट वेल्डिंग प्लांट सांवते साइट रे 60 केजी/52 केजी (90/72 यूटीएस, आर-260), (नया/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल रेयाक् लैश बट वेल्डिंग लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु.1,30,87,732/-, बायना पायसाः रु. 2,61,800/-, **क्रम सं. 2 केस संख्याः**ओ-एसी-टी-121-26-27, **कामी रेयाक् जुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे ठिकादाराक् मोबाइल लैश बट वेल्डिंग प्लांट सांवते साइट रे 60 केजी/52केजी (90/72 यूटीएस, आर-**260),**(नया/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/ एलडब्ल्यूआर) रेल रेयाक् लैश बट वेल्डिंग लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.**1,11,95,875.80, बायना पायसाः रु. 2,23,900/-, **क्रम सं.** 3, केस संख्याः ओ-एसी-टी-122-26-27, **कामी रेयाक् जुतुमः** (i) आसनसोल मंडल रे रोड अंडर ब्रिज नंबर 14, 14ए, 16, 528, 533, 456, 2, 655, 679, 706ए,28ए, 30ए, 54ए, 560, 545, 1, 48 अप रे आरडीएसओ स्टैंडर्ड हाइट गेज रेयाक् प्रावधान। (ii) आसनसोल मंडल रे 16 लेवल क्रॉसिंग गेटको रे मारे लेकानाक् हाइट गेज जायगा रे आरडीएसओ स्टैंडर्ड हाइट गेज बाईसाउ। (iii) आसनसोल मंडल रे रोड नंबर ब्रिज नंबर 533, 456, 2,655, 679, 706ए, 545, 548, 560, 28ए, 30ए, 1, 48ण अप रे सोड़ोक मोरामुती सांवते ड्रेनेज सिस्टम रे सुधार लागित् खुला ठिका। ठिका रेयाक् पूंजीः रु. 6,77,77,620.40, बायना पायसाः रु.13,55,600/-, **क्रम सं. 4, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-123-26-27, **कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे पानागढ़ रे नावां क्रूलॉबी आर रनिंग रूम आर अण्डाल रेयाक् रानीगंज रनिंग रूम आर क्रू बुकिंग लॉबी नावांआरोय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 4,27,03,449.78, **बायना पायसाः** रु.8,54,100/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो (क्रम सं. 1 खोन 4 मिमित् बाखरा)। बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः माहित 18.09.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-229/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे होंं बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

अपहरण मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

उधवा- राधानगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान मध्य पियारपुर निवासी डालीम शेख उर्फ अब्दुल डालिम के रूप में हुई है.पुलिस के अनुसार बीती रात सूचना मिली थी कि आरोपी मध्य पियारपुर गांव स्थित अपने गुप्त ठिकाने पर छिपा हुआ है. सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध 17 अक्टूबर 2023 को थाना में के भादवि के मामले में प्राथमिकी दर्ज है.मामला दर्ज होने के बाद से ही वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया.

दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग

कोडरमा। जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में चेन स्नैचरों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। बुधवार को अड्डी बंग्ला इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। घटना उस समय हुई, जब महिला टोटो से उतरकर घर के अंदर जाने वाली थीं। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पाकुड़ में अकीदत और भाईचारे के साथ निकला मोहम्मदी जुलूस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। पाकुड़ शहर में बुधवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन के अवसर पर ईद मिलादुन्नबी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अकीदतमंदों की ओर से भव्य मोहम्मदी जुलूस निकाला गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।मोहम्मदी जुलूस गांधी चौक से शुरू हुआ और ताजिया चौक, अंबेडकर चौक, हाटपाड़ा होते हुए रेल फाटक के रास्ते ताजिया चौक पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। पूरे शहर में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा।

जुलूस में बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर भाग लिया। इसके साथ इस्लामिक झंडे भी लहराते नजर आए। तिरंगे और धार्मिक झंडों के साथ निकले जुलूस ने धार्मिक आस्था के साथ देशप्रेम, शांति और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। कई मोहल्लों में लोगों ने अपने घरों और वाहनों को सजाकर इस अवसर की खुशी जाहिर की।समाजसेवी हाजी तनवीर आलम ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जीवन पूरी मानवता को प्रेम, शांति, भाईचारे, इंसाफ और मानवता की सीख देता है। उन्होंने कहा कि इस दिन पैगंबर साहब की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने और समाज में आपसी प्रेम व सौहार्द को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।जुलूस को लेकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए मोहम्मदी जुलूस ने पाकुड़ की सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।

अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया ईद मिलाद-उन-नबी

संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)। इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के यौमे पैदाइश के मौके पर बुधवार को महेशपुर प्रखंड क्षेत्र में ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार अकीदत, एहतराम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गांवों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।प्रखंड के कनिझड़ा, धर्मखांपाड़ा, सुहुबिल, महेशपुर बाजार, असकांधा, रोलाग्राम, बड़कियारी, अडोल, बलियाडांगाल, छोटाकेंदुआ, बास्केंद्री समेत दर्जनों गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला। सुबह से ही मस्जिदों और घरों में रोशनी की गई

थी। दोपहर बाद बड़ी संख्या में लोग हरे झंडे के साथ जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान नारा-ए-तकबीर और नारा-ए-रिसालत की सदाओं से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।जुलूस में शामिल अकीदतमंद नात-ए-पाक पढ़ते हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सीरत और उनके संदेशों पर प्रकाश डाल रहे थे। लोगों ने आपसी भाईचारे, अमन और शांति का संदेश दिया। विभिन्न स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया गया तथा लोगों के बीच शरबत और मिठाइयां वितरित की गईं।पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महेशपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी रवि शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने संवेदनशील चौक-चौराहों और जुलूस के मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाले रखी।

प्रशासन की मुस्तैदी और स्थानीय लोगों के सहयोग से ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व पूरे प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर, बेहतर इलाज के लिए रेफर

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़)। शाहरग्राम मुख्य सड़क पर डंगापाड़ा के समीप बुधवार को ट्रेलर और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान झनागाड़िया निवासी उमर अली (30) के रूप में हुई है। दुर्घटना में उमर अली के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।स्थानीय पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से घायल को इलाज के लिए हिरणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, उमर अली टीवीएस बाइक (जेएच 16 सी 8315) से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर (जेएच 16 एच 6709) से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना के एसआई गौतम दास एवं एएसआई ज्योतिष चौधरी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाना ले आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

7 सितंबर के धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की बनी रणनीति

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़िया (पाकुड़)। झामुमो प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा की अध्यक्षता में पार्टी की आपात बैठक हुई। बैठक में महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे और बुद्धिजीवी मोर्चा के जिलाध्यक्ष देबीलाल हंसदाक मुख्य रूप से शामिल हुए।बैठक में केंद्र सरकार के खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में आगामी 7 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। पंचायत अध्यक्षों एवं सचिवों को गांव-गांव जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पंचायत स्तर पर पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई।विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि उक्त विधेयक राज्यों के अधिकारों को कमजोर करने वाला है। झामुमो इस मुद्दे पर लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जुट जाने की अपील की।जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा पर झारखंड की जनता का हित सर्वोपरि है। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया जाएगा 28वां गणपति महोत्सव

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । विघ्नहर्ता बाबा गणपति महोत्सव के 28वें वर्ष को भव्य बनाने को लेकर सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, रेलवे मैदान पाकुड़ की बैठक मंगलवार को पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर सत्संग भवन मे राणा शुक्ला की अध्यक्षता में की गई। समिति के संस्थापक हिसाबी राय, अखिलेश कुमार चौबे एवं संजय कुमार ओझा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आगामी 28वें गणपति महोत्सव को भव्य, आकर्षक एवं भक्तिमय बनाने को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन कि

श्रावणी मेला : 28वें दिन 1.42 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। राजकीय श्रावणी मेला 2026 के 28वें दिन बुधवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पट सुबह 4:29 बजे खुले। पट खुलने के बाद बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण शुरू हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार मंदिर परिसर में बनी रही।

जिला प्रशासन के अनुसार, 28वें दिन कुल 1,42,844 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया। इनमें 3,439 श्रद्धालुओं ने शीघ्र दर्शनम कूपन के माध्यम से जलार्पण किया।

इसके अलावा बाह्य अर्घा के माध्यम से 38,152 और आंतरिक अर्घा के माध्यम से 1,01,253 श्रद्धालुओं ने बाबा पर जल चढ़ाया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर मेला

क्षेत्र में प्रशासन की व्यवस्था जारी रही।

भोर की पहली किरण के साथ ही पूरा मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र 'बोल-बम' और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर देवघर पहुंचे हजारों कांवरियों ने कतारबद्ध होकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अहले सुबह से ही वरीय अधिकारी रूट लाइनिंग से लेकर मंदिर परिसर तक व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए। कांवरियों के लिए पेयजल, स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

खनिज संशोधन विधेयक का होगा पुरजोर विरोध : झामुमो

संवाददाता

देवघर । एमएमडीआर (खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक के विरोध में बुधवार को झामुमो प्रखंड कमेटी, मोहनपुर की ओर से जन-जागरण पदयात्रा निकाली गई। प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार मंडल के नेतृत्व में निकली पदयात्रा के माध्यम से आमजनों को विधेयक के विरोध में आगामी आंदोलन से जुड़ने की अपील की गई।

पदयात्रा के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि आगामी 07 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एमएमडीआर संशोधन विधेयक को वापस कराने के आंदोलन को मजबूती प्रदान करें।

मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष संजय कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार झारखंड की खनिज संपदा पर अधिकार जताकर राज्य की जनता को उससे मिलने वाले लाभ से वंचित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और यहां के प्राकृतिक संसाधनों पर पहला अधिकार राज्य की जनता का होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक ओर झारखंड की झामुमो सरकार गरीब, महिलाओं और बुजुर्गों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, वहीं केंद्र सरकार संशोधन विधेयक के माध्यम से राज्य के हितों को प्रभावित करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खान एवं खनिज संशोधन विधेयक झारखंडवासियों के हित में नहीं है और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर हेंब्रम सहित झामुमो प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी, युवा कमेटी, महिला मोर्चा और किसान मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

देवघर संताल एक्सप्रेस । विद्या भारती के संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता 2026 का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, विद्यासागर में किया गया। प्रतियोगिता में उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर, कुंडा, देवघर के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की वंदना सभा में प्रधानाचार्य मुकुल कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजीत कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मण भाई पटेल एवं अन्य सदस्यों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रांत एवं क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। आशु भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशु राऊत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृति बोध परियोजना के शिशु वर्ग में नवजीत चौबे, अमन ठाकुर एवं संकल्प मिश्रा की टीम ने द्वितीय, बाल वर्ग में अनमोल मिश्रा, राघव राज एवं आयुष कुमार ने द्वितीय तथा किशोर वर्ग में दिव्यांशु तिवारी, प्रिंस कुमार एवं अपर्णा मिश्रा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कथा-कथन में गायत्री कुमारी एवं श्रृष्टि सिंह ने सहभागिता की। वैदिक गणित के किशोर वर्ग में विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रतियोगिता में शिशु एवं किशोर वर्ग ने द्वितीय तथा बाल वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मुकुल कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसआईआर में तेजी लाने का निर्देश

देवघर । मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के सफल संचालन को लेकर बुधवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 15-देवघर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 255 से 290 तक के सभी बूथ स्तरीय अधिकारी, पर्यवेक्षक और सुनवाई टीम के सदस्य शामिल हुए। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत चल रही नोटिस सुनवाई और उससे जुड़ी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मियों को कार्य में तेजी लाने तथा सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूरी पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखना जरूरी है। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कर्मी आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि क्षेत्र स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

बरनवाल नवयुवक संघ के सेवा शिविर का समापन

देवघर संताल एक्सप्रेस । बरनवाल युवक संघ के तत्वाधान में कांवरिया पथ भूत बंगला में आयोजित मासव्यापी सेवा शिविर का बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े थे। इस दौरान शिविर में एक माह तक उल्लेखनीय योगदान देने वाले बरनवाल समाज के नवयुवकों को डॉ. सुनील खवाड़े ने चादर ओढ़ा कर सम्मानित किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. खवाड़े ने कहा कि शिविर के माध्यम से बरनवाल समाज ने सेवा की अदभुत मिसाल पेश की है। वर्ष 2000 से यह शिविर आयोजित हो रहा है। पवित्र माह सावन में शिव भक्त कांवरियों की सेवा भगवान शिव की पूजा के समान है और बरनवाल समाज ने शिविर के माध्यम से हजारों कांवरियों की सेवा कर इसे बखूबी चरितार्थ किया है। समारोह में राजेश कुमार मिश्रा, धनन्जय खवाड़े, बरनवाल महिला समिति की राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मंजू बरनवाल, राजकुमार बरनवाल, सुधांशु शेखर बरनवाल, बरनवाल नवयुवक समाज के अध्यक्ष सर्वोत्तम बरनवाल, टिंकू बरनवाल, राजन शशि, प्रेमलता बरनवाल, सागर बरनवाल, नीरज बरनवाल के अलावा रोहित पांडेय, मनोज पांडेय, महेश राउत सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

सावित्री देवी ग्रंथालय-वाहन पुस्तकालय का शुभारंभ

मधुपुर । मधुपुर में बच्चों के बीच पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मधुस्थली विद्यापीठ द्वारा सावित्री देवी ग्रंथालय - वाहन पुस्तकालय का शुभारंभ किया जा रहा है. विद्यार्थियों की इस पहल के अंतर्गत एक निःशुल्क चलित पुस्तकालय के माध्यम से पुस्तकों को बच्चों तक पहुँचाया जाएगा. इस विशेष पहल का उद्घाटन 28 अगस्त को श्याम मंदिर, कुंडू बंगला में होगा. वाहन पुस्तकालय में बच्चों के लिए कहानी की किताबें, कॉमिक्स, पहेली-पुस्तकें, रंग भरने की पुस्तकें और अन्य रोचक पठन सामग्री उपलब्ध होगी. इसके साथ ही कहानी-वाचन, सामूहिक पठन, प्रश्नोत्तरी एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा.कार्यक्रम में मधुपुर के बच्चे एवं विद्यार्थी, मधुस्थली विद्यापीठ के शिक्षक एवं विद्यार्थी, प्रधानाध्यापिका, कैंपस के सीईओ तथा आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहेंगे. शुभारंभ के पश्चात यह वाहन पुस्तकालय मधुपुर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहुँचेगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे पुस्तकों और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ सकें. मधुस्थली विद्यापीठ के विद्यार्थी युवा स्वयंसेवकों के रूप में बच्चों को पुस्तकें चुनने, पढ़ने और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने में सहयोग करेंगे. इस पहल का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा, कल्पनाशीलता और पढ़ने की आदत विकसित करना तथा समुदाय में पठन, संवाद और साझा सीखने की संस्कृति को मजबूत करना है.

टॉपर स्वस्तिक राज को किया गया सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा 2025-26 में राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारकोला, देवघर के छात्र स्वस्तिक राज के सम्मान में बुधवार को विद्यालय परिसर में भव्य समारोह आयोजित किया गया। स्वस्तिक की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय के साथ-साथ उसके माता-पिता और देवघर सहित पूरे झारखंड का नाम रोशन हुआ है। समारोह में डॉ. डी. तिवारी, डॉ. एन. डी. मिश्रा, डॉ. कुमार गौरव और डॉ. राधा मोहन मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वस्तिक की माता कुमारी प्रियंका भी समारोह में मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद स्वस्तिक राज और उसकी माता को स्मृति-चिह्न, अंगवस्त्र और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में स्वस्तिक की सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया गया। प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने कहा कि स्वस्तिक की सफलता उसकी मेहनत, अनुशासन, नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग का परिणाम है। उसकी उपलब्धि विद्यालय के दूसरे विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। मुख्य अतिथि डॉ. डी. तिवारी ने कहा कि स्वस्तिक राज ने प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के बल पर राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय और देवघर का नाम रोशन किया है। उन्होंने स्वस्तिक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने की उम्मीद जताई। डॉ. एन. डी. मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी की सफलता के पीछे निरंतर परिश्रम, नियमित अध्ययन और सही मार्गदर्शन की अहम भूमिका होती है। स्वस्तिक ने इन सभी गुणों को अपनाकर यह उपलब्धि हासिल की है। दूसरे विद्यार्थियों को भी उससे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। डॉ. कुमार गौरव ने स्वस्तिक को बधाई देते हुए कहा कि उसकी सफलता साबित करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से कठिन से कठिन लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। डॉ. राधा मोहन मिश्रा ने भी स्वस्तिक की उपलब्धि को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। स्वस्तिक की माता कुमारी प्रियंका ने कहा कि बेटे की सफलता परिवार के लिए गर्व और खुशी का विषय है। स्वस्तिक ने हमेशा मेहनत और लगन से पढ़ाई की।

21 सूत्री मांगों को लेकर चिकित्सा कर्मचारियों का धरना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । झारखंड राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ/महासंघ के आह्वान पर मंगलवार को रांची के नामकुम स्थित निदेशालय परिसर में 21 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व निर्धारित धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से स्वास्थ्य कर्मचारी एवं संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। देवघर से भी चिकित्सा संघ के प्रतिनिधियों ने धरना में भाग लेकर कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरना का मुख्य उद्देश्य निदेशालय स्तर से निकल रहे अनुचित स्थानांतरण, कर्मचारियों के वेतन एवं नियुक्ति से संबंधित विसंगतियों को दूर करना रहा। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कर्मियों, एमपीडब्ल्यू एवं अनुबंधित एएनएम के स्थायीकरण समेत अन्य मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया।

दिनभर चले धरना-प्रदर्शन के बाद संघ की ओर से निदेशक प्रमुख को 21 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। निदेशक प्रमुख ने मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने इसे रांची महासंघ एवं सभी जिला चिकित्सा संघों की महत्वपूर्ण जीत बताया।

धरना में महासंघ के सदस्य गोपाल शरण सिंह, पेंशनर समाज के महासचिव महेश सिंह, चिकित्सा महासंघ के राज्याध्यक्ष अरविंद,राज्य सचिव भूषण कुमार,रांची चिकित्सा संघ के सचिव जीतवाहन उड़ाऊ,संथाल परगना दुमका प्रमंडल के सचिव सह चिकित्सा संघ देवघर के कोषाध्यक्ष सौरव, एमपीडब्ल्यू अध्यक्ष विनोद तिग्गा, एएनएम/जीएनएम संघ की मीरा कुमारी एवं प्रेमा बाड़ा सहित विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

राखी त्योहार को लेकर बाजार की रौनक बढ़ी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । भाई व बहन के पवित्र प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार 28 अगस्त शुक्रवार को मनाया जाएगा. जिसको लेकर शहर के हृदय स्थल गांधी चौक के आस-पास दर्जनों अस्थाई राखी की दुकान पूरी तरह से सज कर तैयार है. दुकानों में रंग-बिरंगी व विभिन्न डिजाइन की राखियां ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं. भाई-बहन के इस पवित्र व प्यार भरे त्योहार को लेकर बाजारों महों विभिन्न प्रकार की डिजाइनर राखियां उपलब्ध हैं. परम्परागत राखी के अलावा फोटो राखी व बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां व लाइट वाली राखी बहनों को अपने भाई के लिए खूब भा रही हैं. इस दौरान बाजार में 10 रुपया से लेकर 200 रुपये तक की राखी उपलब्ध है. रक्षा बंधन पर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी व कलावा बांधती है. भाई उसकी जीवन भर रक्षा करने का वचन देता है. बहनों ने अपने भाइयों के लिए राखियों की खरीदारी शुरू कर दी है.शहर में गांधी चौक,थाना रोड, हटिया रोड, स्टेशन रोड़ समेत कई जगहों पर रक्षाबंधन के त्योहार की धूम साफ नजर आने लगी है. रक्षा बंधन पर मुंह मीठा कराने की परंपरा के लिए मिठाई दुकानें भी तैयार है. बाजार में पारंपरिक रसगुल्ला, काजू कतली, छेनामुर्की और बेसन के लड्डू की मांग है. इस बार स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए शुगर-फ्री मिठाइयां और ड्राई फ्रूट्स के विशेष पैक भी उतारे गए हैं. वहीं वस्त्र और आभूषण बाजार में भी जबरदस्त उछाल है. महिलाएं ट्रेडिशनल ड्रेस, सूट, लहंगे और साड़ियों की खरीदारी कर रही हैं.

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर निकला जुलूस

मधुपुर । ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को मधुपुर के विभिन्न गांवों और मोहल्लों में धार्मिक उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए. पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जन्मतिथि के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा की तथा पैगंबर साहब की शिक्षाओं को याद किया. ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के मौके पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम, मिलाद व विभिन्न मोहल्ला कमेटियों की ओर से जुलूस निकाला गया. जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए और धार्मिक नारों के साथ माहौल गूंजता रहा. शहर के विभिन्न इलाकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग जुलूस में पहुंचे. हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इसमें भाग लिया. जुलूस के दौरान लोगों ने आपसी एकता, भाईचारे और शांति का संदेश दिया। छोटे-छोटे बच्चे भी हाथों में झंडे लेकर उत्साहपूर्वक जुलूस में शामिल हुए और धार्मिक नारों के साथ अपनी भागीदारी निभाई. वही सूबे कै मंत्री हफिजूल हसन ने भी सभी झारखंडवासियो को बधाई देते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की शिक्षाएं इंसानियत, प्रेम, दया, सद्भाव और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देती हैं. उन्होंने समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने और सभी धर्मों के लोगों के बीच भाईचारा मजबूत करने का आह्वान किया. ईद मिलादुन्नबी को लेकर विभिन्न मोहल्लों में कमेटियों के साथ-साथ लोगों ने व्यक्तिगत स्तर पर भी शरबत और शिरनी का इंतजाम किया था. जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों के बीच जगह-जगह शरबत व शिरनी वितरित की गई. आयोजन के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया.

रेलकर्मियों का सेवा पुस्तिका से भरा बैग चोरी

मधुपुर । पूर्व रेलवे आसनसोल मंडल के महेशमुंडा रेलवे स्टेशन में पदस्थापित ट्रैक मेंटेनर का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है. बैग में पांच रेलकर्मियों की सेवा पुस्तिका थी. घटना को लेकर पीड़ित ने मधुपुर रेल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. थाना को दिए आवेदन में गिरिडीह जिला के गाण्डेय थाना अंतर्गत पाण्डेयडीह गांव निवासी समसाद अंसारी पिता समसूल अंसारी ने बताया कि वह वर्तमान में महेशमुंडा रेलवे स्टेशन में ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत हैं. वह वरीय अनुभाग अभियंता रेलपथ कालीपहाड़ी का कार्यालय से सेवा पुस्तिका लेने गए थे. कार्यालय से उन्हें स्वयं सहित पांच लोगों की सेवा पुस्तिका दी गई. जिसमें गिरिडीह पांडेयडीह निवासी शमशाद अंसारी, पवन कुमार वर्मा, चंदन कुमार सिंह, मो. इजाज आलम और संदीप कुमार गुप्ता सभी महेशमुंडा रेलवे स्टेशन में ट्रैक मेंटेनर हैं. सभी की सेवा पुस्तिकाओं को अतिरिक्त रेलपथ मधुपुर कार्यालय में पहुंचाने के लिए लाए थे. शिकायत के अनुसार उन्होंने उक्त पांचों सेवा पुस्तिकाओं को पीठ बैग में रखकर ट्रेन नंबर 15183 टाटा-बक्सर पैसेंजर के कोच नंबर तीन में करीब 12.56 बजे आसनसोल से सवार होकर बैठ गए. करीब दो बजे मधुपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जब बैग लेने गए तो बैग गायब मिला. काफी खोजबीन के बाद भी बैग नहीं मिला. पीड़ित का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका सेवा पुस्तिका वाला बैग चोरी कर लिया गया है. उन्होंने इसकी सूचना वरीय अनुभाग अभियंता रेलपथ कार्यालय कालीपहाड़ी को भी दे दी है. रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

शरबत सेवा समिति की सेवा शिविर का समापन

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला 2026 के अवसर पर गायत्री परिवार, देवघर के सदस्यों एवं मोहल्लेवासियों के संयुक्त प्रयास से संचालित शरबत सेवा समिति,देवघर की मासव्यापी सेवा का बुधवार को समापन किया गया। समापन समारोह समिति के संरक्षक राम उदार सिंह, मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,झारखंड सरकार ओपी मिश्रा तथा गायत्री परिवार देवघर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी देव नारायण रजक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र, गुरु एवं गायत्री आवाहन के साथ हुई। इसके बाद समिति के संयोजक महेंद्र प्रसाद यादव ने शरबत सेवा समिति की 29 वर्षों की सफल सेवा यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर फागू मंडल, कपिल देव अग्रवाल एवं राजा राम शाह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ओपी मिश्रा ने सेवा कार्य में योगदान देने वाले 33 समयदानी युवक-युवतियों को प्रशस्ति पत्र एवं गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित महापुरुषों की जीवनी पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी देव नारायण रजक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शांति पाठ एवं अगले वर्ष पुनः सेवा कार्य जारी रखने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप कुमार, सुभाष सिंह, डॉ. शंकर मंडल, श्यामा देवी, रूपा देवी, मीना देवी, शैलेंद्र, राम प्रसाद यादव, हासो राम, अनिल बाजपेयी, दीनानाथ सिंह सहित अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।

नशे की अंधेरी राह से उजाले की ओर ले जाएगा नाटक 'अंधेरी राह'

शिव लोक परिसर में आज शाम होगा नाटक का मंचन

संवाददाता

देवघर। देवघर थिएटर आर्ट कल्चर काउंसिल के तत्वावधान में शिव लोक परिसर में 27 अगस्त गुरुवार की संध्या 6 बजे से 'अंधेरी राह' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और इसके कारण परिवारों पर पड़ रहे गंभीर दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। नाटक में दिखाया जाएगा कि किस तरह नशे की गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति धीरे-धीरे अपना भविष्य, परिवार और सामाजिक सम्मान खो देता है तथा उसकी लत पूरे परिवार को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक परेशानियों की ओर धकेल देती है। नाटक का उद्देश्य

मनोरंजन के साथ-साथ लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना और युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। इस विशेष नाट्य प्रस्तुति का नेतृत्व देवघर थिएटर आर्ट कल्चर काउंसिल के अध्यक्ष सह नाट्य मंच के प्रोड्यूसर डॉ. सुनील खवाड़े कर रहे हैं, जबकि सह-प्रोड्यूसर रितेश केसरी हैं। नाटक की कहानी एवं लेखन आशीष झा ने किया है, जबकि निर्देशन बॉलीवुड में अभिनय कर चुके देवघर के कलाकार मंटू झा द्वारा किया जा रहा है। नाटक में देवघर के स्थानीय एवं प्रतिभावान कलाकार अपने अभिनय के माध्यम से समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देंगे। मंचन को प्रभावशाली बनाने के लिए कलाकारों और पूरी टीम द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोडक्शन हेड दीपक मिश्रा, उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रेम कुमार, राज, रितिका, बबीता पोद्दार, आर्यन, शांतनु, सुमित, साजन, अंशु, चीकू ,अमर सहित काउंसिल के कई सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

अंधेरी राह' सिर्फ एक नाटक नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का प्रयास है। नाटक के जरिए यह संदेश दिया जाएगा कि नशा किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। समय रहते नशे से दूरी बनाना ही स्वस्थ और खुशहाल जीवन की पहली सीढ़ी है।

गायत्री मंदिर में भक्तों ने किया महारुद्राभिषेक,12 शिवलिंगों में किया जलार्पण

फोटो है

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुधवार को नगर के चौधरी कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित 12 शिवलिंग सामूहिक रुद्राभिषेक महोत्सव धूमधाम से संपन्न किया गया. मौके पर सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित होकर शंकर भगवान का आवाहन व पूजन किया. कार्यक्रम की शुरुआत शिव वंदना से की गई. शक्तिपीठ के पुरोहित राजेंद्र प्रसाद ने मनमोहन शिव स्तुति का पाठ किया. पुरोहित हरिहर प्रसाद ने वैदिक और लौकिक मंत्रों से संपूर्ण कार्यक्रम को संपन्न कराया. देवालय संचालन प्रभारी सरिता पोद्दार ने बताया कि सबों के सुख शांति एवं समृद्धि के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है.हजारों की संख्या में बेलपत्र पुष्प आदि समर्पित किया गया.वहीं भारी मात्रा में दुग्धाभिषेक भी किया गया.

परियोजना निदेशक ने सदर अस्पताल का लिया जायजा, दवा स्टॉक, स्वच्छता, बेडशीट एवं चिकित्सकों की ड्यूटी व्यवस्था पर जतायी नाराजगी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - डीसी के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास ने सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा अस्पताल की समग्र कार्यप्रणाली की जमीनी स्थिति का जायजा लेना था.

औचक निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ओपीडी, आपातकालीन सेवा, दवा वितरण केंद्र, जांच केंद्र एवं अन्य प्रमुख चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली तथा मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर इलाज, दवा, जांच एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में

फीडबैक प्राप्त किया.निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विगत एक माह से दवा के स्टॉक का समुचित मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा था. इस पर परियोजना निदेशक ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मियों को दवा का स्टॉक रजिस्टर अविलंब अपडेट करने तथा दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण का नियमित रिकॉर्ड संधारित करने का सख्त निर्देश दिया.उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दवा स्टॉक की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएं. स्वच्छता व्यवस्था में मिली कमी, सफाई को लेकर सख्त निर्देश निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बाथरूम में गंदगी का अंबार पाया गया. वहीं कुछ वार्डों में भी साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली. कई बेड पर गंदी बेडशीट पाई गई. जबकि कुछ बेड पर बेडशीट उपलब्ध ही नहीं थी. इस पर परियोजना निदेशक ने संबंधित सफाई कर्मियों को कड़ी चेतावनी देते हुए बाथरूम एवं सभी वार्डों की नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.उन्होंने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज के बेड पर प्रतिदिन साफ एवं स्वच्छ बेडशीट उपलब्ध कराई जाए तथा आवश्यकता के अनुसार बेडशीट तत्काल बदली जाए. परियोजना निदेशक ने अस्पताल में हाल के दिनों में क्रय किए गए विभिन्न चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता एवं उपयोग की स्थिति की भी जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान कुछ उपकरणों के उपयोग में आ रही समस्याओं की जानकारी मिली.उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अस्पताल में उपलब्ध सभी उपयोगी उपकरण कार्यशील अवस्था में रहें और मरीजों के हित में उनका अधिकतम उपयोग हो. यदि किसी उपकरण में तकनीकी समस्या है तो उसका शीघ्र निराकरण कराने को कहा गया.

स्त्री रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी व्यवस्था को लेकर मरीजों ने दिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान कुछ मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की ड्यूटी एवं उपलब्धता को लेकर भी फीडबैक दिया गया. मरीजों ने बताया कि चिकित्सक की ड्यूटी के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती है तथा निर्धारित समय पर चिकित्सक की उपलब्धता को लेकर परेशानी होती है.इस पर परियोजना निदेशक ने संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का ड्यूटी रोस्टर प्रतिदिन अस्पताल के सूचना पट पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को चिकित्सक की उपलब्धता एवं ड्यूटी समय की जानकारी आसानी से मिल सके.उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि निर्धारित ड्यूटी अवधि में अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें.

अमड़ापाड़ा में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा (पाकुड़)। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को अमड़ापाड़ा में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के तहत जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बच्चे, युवा, बुजुर्ग एवं बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। धार्मिक नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।जुलूस मस्जिद-ए-गौसिया, पोखरिया रोड से शुरू होकर मुख्य बाजार, प्राकृतिक विहार पार्क मोड़, पुराने अस्पताल एवं बीजीआर कौशल विकास केंद्र होते हुए पोखरिया मोड़ पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। इसके बाद जुलूस वापस मस्जिद-ए-गौसिया पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।जुलूस की अध्यक्षता मो. जबीर हुसैन ने की। मौके पर सचिव मो. इमरान आलम, उपाध्यक्ष मो. जहांगीर अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पुलिस एवं प्रशासन की मौजूदगी में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

निकली जश्ने ईद मिलादुन्नबी की जुलूस, मौलाना ने की तकरीर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - जुलूस ए मोहम्मदी कमेटी राजमहल के माध्यम से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस एवं सभा का आयोजन किया गया. राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा के नेतृत्व में जुलूस ए मोहम्मदी फुलवरिया चौक से निकाल कर अंतरराज्यीय बस अड्डा परिसर स्थित सभा स्थल पहुंची. मंचासीन विधायक एवं कार्यक्रम में शामिल मौलाना ने क्षेत्र में अमन चैन की शांति एवं पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए रास्तों पर चलने का संदेश कार्यक्रम में शामिल लोगों को दिया. राजमहल नगर सहित प्रखंड क्षेत्र के मानसिंहा फुलवरिया, करबल्ला, दाहूटोला , पश्चिम नारायणपुर, मध्य नारायणपुर , पुर्वी जामनगर, पश्चिमी जामनगर के हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए.मौलाना

एहसान दानिश की अध्यक्षता में सभा आयोजित हुई. सभी मौलाना ने बारी बारी से तकरीर पेश करते हुए धर्म के प्रति अपने निष्ठा को बरकरार रखते हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के इस जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही. कहा कि समाज में जो बुराई नशा के रूप में चल रही है उसे पर भी अंकुश लगना चाहिए.जुलूस एवं सभा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी पुलिस बल के साथ तैनात थे. मौके पर मौलाना मुफ्ती रेजाउल हक, मौलाना सब्बीर, मौलाना अहमद रजा, मौलाना मो एसुददीन, विधायक प्रतिनिधि सह नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू, नपं अध्यक्ष केताबुददीन शेख, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, , नजरुल इस्लाम, जिप सदस्य अब्दुल बारिक शेख , वार्ड पार्षद मो बरकत अली, घीसू शेख , अब्दुल कादिर, मो नफील, गुलाम सरवर सहित अन्य हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे.

सांसद व विधायक ने किया चादरपोशी

उधवा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा व राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा शामिल हुए. सांसद व?? विधायक ने पार्टी के कार्यकताओं के साथ दरगाडांगा पीर मजार में चादरपोशी कर? अमन चैन शांति की दुआ मांगी.

कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से भाजपा ने किया है बिल पासः जिलाध्यक्ष

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- साहिबगंज सदर प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह के आवासीय परिसर में बुधवार को हुई. बैठक में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह , केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रम, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा शामिल हुए. झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि खनिज संशोधन विधेयक बिल से झारखंड की मईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना सहित जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से भाजपा ने यह बिल पास किया है. सभी कार्यकर्ता से अपील है बूथ स्तर तक इस झारखंड विरोधी विधेयक बिल को बताने का कार्य करें. और 7 सितंबर को धरना प्रदर्शन मे आने हेतु आग्रह करें. बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य संजीव शामू हेंब्रम ,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड के विकास को रोकने के लिए एमएमडीआर संशोधन विधेयक बिल पास किया है. इसका झारखंड मुक्ति मोर्चा विरोध करती है. आगामी 7 सितंबर को झामुमो साहिबगंज जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी. इसी तत्वाधान में सभी प्रखंडों में इसकी संपूर्ण तैयारी व्यापक रूप से की जा रही है. आप सभी जन जागरण अभियान करते हुए सभी बूथ स्तर तक आम जनता को इस काला कानून के बारे बतलाएंगे और 7 सितंबर को धरना प्रदर्शन आने के लिए आमंत्रित करेंगे.मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह, प्रखंड सचिव समेत अन्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

झारखंड विरोधी विधेयक के खिलाफ बूथ स्तर तक अभियान चलाएगी झामुमो

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहेट -झारखंड मुक्ति मोर्चा की बरहेट प्रखंड कमिटी की बैठक बुधवार को बरहेट प्रखंड कार्यालय में हुई . बैठक में झामुमो जिला सचिव सुरेश टुडू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय गोस्वामी एवं केंद्रीय समिति सदस्य सह पर्यवेक्षक मुजीबुर्रहमान मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा पारित एमएमडीआर संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए इसे झारखंड के हितों के प्रतिकूल बताया. जिला सचिव सुरेश टुडू और युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय गोस्वामी ने कहा कि इस विधेयक के कारण राज्य की मईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न

जनकल्याणकारी योजनाओं पर असर पड़ सकता है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधेयक के कथित प्रभावों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक अभियान चलाने की अपील की.नेताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा इस विधेयक के खिलाफ आगामी 7 सितंबर को साहिबगंज जिला के सभी प्रखंडों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेगी. इसे लेकर प्रखंड स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.

बैठक को जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. नजरूल इस्लाम एवं प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया.बैठक में युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देव सोरेन, मो अली अंसारी, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, लूखीराम हेंब्रम, सूनिराम हांसदा, अब्दुल मजीद, शमीम अंसारी, गुंजन सिंघानिया, पूसा टुडू, एजाज अंसारी, जिकीर मोमिन, नूर हुसैन अंसारी, पप्पू भगत, समसुल अंसारी, सहित सभी 22 पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव एवं बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे.

स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक

साहिबगंज- विद्युत विभाग कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को विभाग के कनीय अभियंता नील गगन सहित कई कर्मचारियों ने शहरी क्षेत्र के घर व दुकानों के उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया. इस दौरान एसडीओ व जेई नीलगगन ने सभी को स्मार्ट मीटर लगाने के फायदे और उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया ओर डेमो करके दिखाया. इस दौरान दर्जनों दुकानों व घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर मोबाइल से कनेक्ट किया गया. ताकि प्रति माह उपभोक्ताओं का बिल मोबाइल में ही मिल जाए.

पूर्व रेलवे

ठिका खोबोर सं.: ईएल-41-सोलर-पीपीपी-26, माहित 24.08.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन चालु विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुम आर नोआ** रेयाक् जायगाः आसनसोल-मंडलः पूर्व रेलवे रेयाक् आसनसोल मंडल रे पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) सांवते आरईएससीओ मॉडल दाराय ते आसनसोल मंडल रेयाक् जुदा-जुदा जायगाको रे बिजली बेनाव एमोक् लागित् ते मोट 1500 केडब्ल्यूपी क्षमता प्रणाली (पीपीपी मोड) रेयाक् ग्रिड कनेक्टेड रूफ-टॉप सोलर फोटो वोल्टेइक मॉड्यूल्स बाईसाउ। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 22,23,86,424.4, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** 34,810/-, **बायना पायसाः** रु. 16,02,000/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 240 दिन। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 23.09.2026 हिलोक् 15.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-230/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे होंः बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बौद्ध धर्म विधि से परित्राण पाठ कार्यक्रम आयोजित

बोरियो बोरियो प्रखंड क्षेत्र के कचरा प्लांट पथ में बौद्ध धर्म विधि से परित्राण पाठ कार्यक्रम का आयोजन विभीषण पासवान व सुनीता कुमारी के द्वारा किया गया.कार्यक्रम बौद्ध धर्म विधि से परित्राण पाठ कार्यक्रम भिखु, सुनीत पाल, भंते विनय रक्षित,भंते चंद्रकृति ,उपासक जय नारायण बौद्ध के द्वारा परित्राण पाठ,बुद्ध,धम्म,संघ वंदना, एवं मंगलपाठ किया गया.इससे पूर्व तथागत गौतम बुद्ध,बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया.कार्यक्रम में उमेश बौद्ध,चंद्रहास यादव,लक्ष्मण रविदास,बलदेव उरांव , फूल कुमार रजक,रणधीर प्रसाद चौरसिया,माखन यादव ने अपना अपना विचार रखे.

बच्चों के बीच की हैंड वॉश व साबुन और चॉकलेट का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 के वार्ड पार्षद वर्षा कुमारी ने सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत् बुधवार को अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंच कर दर्जनों बच्चों के बीच हैंड

वॉश, साबुन व चॉकलेट का वितरण की.वार्ड पार्षद वर्षा कुमारी ने बच्चों व उनके अभिभावकों से कहा कि बरसात तक सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है.पानी उबाल कर ढक्कर रखे और वही बच्चे को पानी पिलाएं, भोजन करने और कुछ भी खाने से पहले साबुन या हैंड वॉश से हाथ अच्छे से धोकर खाएं, खेल कूद के बाद हाथ पैर साबुन से अच्छे से धोएं, घर के आसपास साफ सुथरा रखे, कूड़ा कचरा डस्टबिन या घर घर कूड़ा कचरा उठाने वाले को दे. अपने घर व आसपास जल जमाव होने ना दे, जल जमाव होने से मच्छर मक्खी पनपता है. वही सभी को सफाई अपनाने बीमारी भगाने की अपनी की. मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका,सहायिका, बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित थे.

बरहेट में नालसा योजनाओं को लेकर चलाया गया मेगा ड्राइव

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में बरहेट प्रखंड अंतर्गत संथाली उत्तर पंचायत में नालसा की योजनाओं को जमीनी स्तर तक लागू करने के लिए मेगा ड्राइव प्रथम चरण के तहत् विशेष विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.यह विशेष अभियान 25 अगस्त को प्रारंभ हुआ. जो 23 अक्टूबर तक चलेगा.अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नालसा की विभिन्न योजनाओं एवं विधिक सेवाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विधिक सहायता

सेवाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है.अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहिबगंज अखिल कुमार द्वारा विशेष प्राथमिकता दी गई है.उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वनाथ भगत को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अभियान का व्यापक एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. निर्देशों के अनुपालन में बरहेट के संथाली उत्तर पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नालसा की विभिन्न योजनाओं एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभुकों को उनका लाभ दिलाने की दिशा में भी आवश्यक मार्गदर्शन किया जा रहा है.अभियान को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाने में पैरा-लीगल वॉलंटियर्स अर्थात न्याय मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. न्याय मित्र ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी दे रहे हैं तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली सहायता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं.जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य मेगा ड्राइव के प्रथम चरण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता को और अधिक मजबूत करना है. ताकि कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति जानकारी या संसाधनों के अभाव में अपने अधिकारों तथा विधिक सहायता से वंचित न रहे. इस अभियान के माध्यम से कानूनी जानकारी हर व्यक्ति तक और न्याय हर जरूरतमंद तक के उद्देश्य को साकार करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है.

17 साल बाद भी बकाए के लिए भटक रहे हैं नगर परिषद के सेवानिवृत्त पूर्व कर दरोगा

साहिबगंज- साहिबगंज नगर परिषद कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए कर दरोगा संग्राम सिंह सेवानिवृत्ति के 17 वर्ष बाद भी अपने बकाए भुगतान के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर है. उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अध्यक्ष को आवेदन देकर अर्जित अवकाश और महंगाई भत्ते की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने की गुहार लगाई है. संग्राम सिंह ने बताया कि 30 जून 2009 को मै सेवानिवृत्त हुआ.सेवानिवृत्ति के बाद मुझे केवल ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान किया गया. जबकि अर्जित अवकाश एवं महंगाई भत्ते की राशि अब तक लंबित है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में वह और उनकी पत्नी गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं. और आर्थिक परेशानी के कारण समुचित इलाज कराने में कठिनाई हो रही है. उन्होंने बताया कि बकाए के भुगतान के लिए वर्ष 2011 से लगातार प्रयास कर रहे हैं. स्थानीय स्तर से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक गुहार लगाने के बाद वर्ष 2014 में झारखंड हाईकोर्ट की शरण ली. वर्ष 2022 में विभागीय सचिव को आवेदन देने तथा वर्ष 2023 में विधिक राय के बाद साहिबगंज कोषागार पदाधिकारी से पत्राचार के बावजूद भुगतान नहीं हो सका. संग्राम सिंह ने आरटीआई के माध्यम से भी जानकारी मांगी. लेकिन उनका कहना है कि अब तक ठोस जवाब नहीं मिला. उन्होंने प्रशासन से मानवीय आधार पर मामले पर विचार कर बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है.ताकि अपना और पत्नी का इलाज करा सकें.

बरहरवा में निकला धार्मिक जुलूस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को बरहरवा में मिलादुन्नबी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर बरहरवा थाना के समीप स्थित बड़ी मस्जिद से भव्य धार्मिक जुलूस निकाला गया. जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए.जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए निर्धारित स्थानों तक पहुंचा. इस दौरान लोगों ने धार्मिक नारों और नात-ए-पाक के माध्यम से पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की. जुलूस में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे. पूरे क्षेत्र में मिलादुन्नबी को लेकर उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिला.जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा. संवेदनशील स्थानों और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

नशा के खिलाफ अभियान चलाएं प्रशासनः एमटी राजा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी कमेटी राजमहल के माध्यम से अंतर राज्य बस अड्डा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मौजूद लोगों को मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी . वही सभी को नशा मुक्ति पर पहल करने की बात कही. उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए? कहा कि अभिभावक कड़ी मेहनत से अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वही नशा के व्यापारी बच्चों के भविष्य को दलदल में डालने का कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कड़े शब्द में कहा कि वैसे व्यापारी सुधर जाएं और बच्चों का भविष्य खराब नहीं करें. वही नशा की लत में आए वैसे युवाओं से भी अपील किया कि अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए इस दलदल से निकलने का संकल्प लें. पुलिस प्रशासन को भी जनता के साथ समन्वय स्थापित कर नशा मुक्ति अभियान चलाने की बात कहें है. उन्होंने कहा कि आज नया-नया नशा का प्रकार क्षेत्र में फैल रहा है जिससे समाज में बुराइयां हो रही है. धर्म गुरुओं के माध्यम से लगातार बेहतर समाज स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन कुछ लोगों के कारण समाज में नशा की लत से कुछ लोग खराब हो रहें.

पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निकाला जुलूस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

उधवा- साहिबगंज जिला के उधवा प्रखंड में हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी पर बड़ी संख्या में लोगों ने पूरे जोश के साथ जुलूस निकाला. विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी. जानकारी के अनुसार प्रखंड के उधवा, पियारपुर, इंग्लिश, प्राणपुर, कटहल बाड़ी,बेगमगंज आदि जगहों में शांतिपूर्ण तरीके से हर्सोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया. जिसके बाद जुलूस विभिन्न सड़क मार्ग होते हुए अपने गंतव्य की ओर पहुंची. इस अवसर पर सुबह से ही लोग सजधज कर मस्जिद में एकत्रित हुए जहां से हजारों की तादाद में लोग जुलूस में भाग लिए.

जुलूस में हजारों की संख्या में

नवयुवक व बुजुर्ग हाथ में झंडे लिए हुए साथ साथ चल रहे थे और नारे तकबीर अलाहु अकबर ,सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाकर अपनी आवाज को बुलंद किया. उधवा प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया. किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे इसको लेकर जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया. राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज पुलिस बल जुलूस के साथ साथ चल रहे थे. जुलूस विभिन्न सड़क मार्ग से निकलकर उधवा दरगाह पीर मजार के पास पहुंचकर समाप्त हुआ. लोगों ने पीर मजार के पास पहुंचकर हाथ फैलाकर देश में अमन चैन शांति की दुआएं मांगी. जगह जगह जलसे का भी आयोजन किया गया था. जहां पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के पैगाम और उनकी शिक्षाओं का जिक्र किया गया और उनके बताए रास्ते पर चलकर पूरे विश्व में शांति स्थापित करने और आपसी मेलजोल और भाईचारे को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया गया. विदित हो कि मुस्लिम समुदाय के अनुयाइयों के प्रमुख त्योहारों में ईद मिलादुन्नबी एक ऐसा है इसे एक खुशियां का त्योहार माना जाता है. इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से तीसरे महीने रबीउल अव्वल की 12 वीं तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर यह त्योहार मनाया जाता है.

जादूगर एमके पंडित का जादू शो का उद्घाटन आज

साहिबगंज-साहिबगंज नगर के आजाद नगर स्थित स्वंयवर बैंक्वेट हॉल में गुरुवार से प्रसिद्ध जादूगर एमके पंडित के द्वारा भव्य जादू के शो का शुभारंभ किया जाएगा.जिसका उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान करेंगे.उक्त जानकारी जादूगर एमके मिश्रा व मनोजज कुमार दुबे ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी. जादूगर एमके पंडित ने बताया कि प्रतिदिन दो समय जादू का प्रदर्शन किया जाएगा. जहां पहला शो शाम 4 बजे तथा दूसरा शो शाम 7 बजे से आयोजित होगा.

रक्षाबंधन पोरोब ताक रे मिलावटी दुकानदारको उपार रे कार्रवाई, जाँच लागित् तेय कुकम केदा डीसी

खोबोरिया

पश्चिमी सिंहभूम। जिला रे मिलावटी जोम जिनिस आखरिञ रे बारोन लागित् ते जिला प्रशासन दो केटेच् ते कार्रवाई केदा। जिला उपायुक्तमनीष कुमार दो सागुनमाहां हिलोक् वर्चुअल दुडुपु कातेत्अधिकारीको रक्षाबंधन दारायकान ते मोहोतानाक् सोनतोर रेताहेंन आर जोम जिनिस रेयाक् क्वालिटी रे तातले जाँच लागित् तेयबातलावात्कोआ। दुपुडुप् रे जिला रेन जोतो अनुमंडल पदाधिकारी,चिकित्सा पदाधिकारी आर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी होंय सेलेत् एना।उपायुक्त मनीष कुमार दोय मेन केदा जे

पोरोब-पोरवास ताक रेमिठाई आर एमान तेयाक् जोम जिनिसको रेयाक् डिमांडमित्घाड़िच् ते ढेरेना। नोआ रेयाक् पोरहो हाताव कातेत्थोड़ा होड़ दो जोम जिनिस रे जाहांनाक्को मिलाउ दाड़ेयाक्आ।उनी दो आधिकारीको बातलावात्कोआ जे जाहांय गे नोडका कामीयउनीको दो जाहांन हालोत रे बाको इकाकोआ आर रक्षाबंधनदारायकान ते नित खोन गे केटेच् कार्रवाईपे। उनी दो जिला रेयाक् जोतो टोठा रे मिठाई दुकानको रे, जोम जिनिस आर एमानतेयाक् दुकानको रे मोज ते जाँच लागित् तेय बातलाव केदा। जाँचओकते रे जोम जिनिस रेयाक् क्वालिटी जाँच लागित् सांवते दिगधावान बाडाय लेनखान थोड़ा गान जाँच लागित् ते कोलेमेतावात्कोआ। उपायुक्त दो मित्ताला तानखी सांव-सांवते जापुत्लाड़ावानाक् लाचाव लागित् तेय मेन केदा। डीसी दोय पुसटाउ केदा जेजाँच ओकते रे मिलावाक् आर निट आकात् नाप खोन बाड़ती जोम जिनिसको जाम लेखान दुकानदारको उपार रे केटेच् ते कार्रवाईहोयोक्आ। उनी दोय मेन केदा जे जाहांय होड़ आर दुकानदारको दोपोरोब ताक रे जासती आखरिजोक् इयाते नोआ रेयाक् पोरहोहाताव कातेत् होड़ाक् निपुट बाड़िच् लागित् ते हुकुम बाये एमआकात्कोआ। जिला रे जोम जिनिस रेयाक् क्वालिटी रे तातलेकोतानखीयेत् काना आर मिलावटी मामला रे सोमोय-सोमोय रे कार्रवाई दो तोंगे गे ताहेंना।

बाबा आम्रेश्वर धाम रे एहोप् एना अखंड कीर्तन

खोबोरिया

खूंटी। बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी रे सागुनमाहां हिलोक् 48घांटा रेयाक् अखंड कीर्तन दो नेयोम-धोरोम सालाक् ते एहोप् एना। धोरोम कामी एहोब खोन माड़ाङ समिति रेन सदस्यो आरजोतो कीर्तन दोल दो नगरको जेल ओनमान केदा। ओना तायोम बाबाआम्रेश्वर धाम रे पुजा-पासा सांवते माराङ कीर्तन एहोप् एना। ओरामेनअखंड कीर्तन रे मित्टेन आचार्य दो तुरूई गोटेच् जापकर्ता पंडितआर यजमान सांवते तुरूई गोटेच् जायगा रेन कीर्तन दोलकोसेलेदोक् काना। जोतो दोल सेच् खोन पारी-पारी ते कीर्तनकोउदुक् सोदोरा। ओराम आचोयेत्कान खातिर ते भोकतो दो आडीरासकाको जेलोक् काना। बाबा आमरेश्वर धाम प्रबंध रे महामंत्री मनोज कुमार दोय लाई केदा जे अखंड कीर्तन दो सागुनमाहां हिलोक्आयुप् बेला 4 बजे खोन एहोप् कातेत् जारूममाहां हिलोक् आयुप् बेला 4 बजे हाबिच् तातले चालाक्आ। उन ओकते बाबा आम्रेश्वर धाम छाटका रे धोरोम आर स्पिरिचुअल ओनोरोल ताहेंना। कीर्तन खोन माड़ाङ समिति रेन सदस्यको सांवते

कीर्तन दोलको दो नगरको जेल ओनमान केदा। मोज ते ओराम आचोय लागित् ते मंदिर समिति रेनसदस्यको होतेते साप् सापड़ाव दो पुरोबेना। कीर्तन रेकोसेलेदोक्कान दोल दो पुरा भक्तिभाव सालाक् तेको उदुक्सोदोरा। समिति दो भोकतोको ठेन खोन अखंड कीर्तन रे सेलेत् कातेत् बाबा बाम्रेश्वर धामाक् थुम हाताव लागित् तेकोनहोरातकोआ। ओराम ओकते भोकतोकोवाक् सुबिसता आर बेबोसता मोज ते चालाव बेनाव लागित् ते समिति सेच् खोन मोहोतानाक्धियानको दोहोवाकादा।

कारगाड़ी खोन 60 लाख रेयाक् गांजाको साप् जाम केदा बारया पाइकारकिन साप् एना

खोबोरिया

पलामू। जिला रे निसा बूल जिनिसको किरिञ आखरिञ रोकाव लागित्चालावेत् कान ऑपरेशन प्रहार होते पुलिस दो आर मित् धाव माराडजितकारको जामाकादा। जिला रेयाक् सतबरवा थाना टोठा रे नेशनलहाईवे-39 रे गाड़ी जांच ओकते रे मित्टेन कारगाड़ी खोन 121किलो गांजाको जाम आकादा। नोआ रेयाक् दाम 60 लाख टाका काना।गांजा दो ओड़िशा खोन हरिहरगंज तेको इदियेत् ताहेंना। नोआ ताकरे जिला रेयाक् सतबरवा इलाका रेन बारया पाइकारको साप्आकात्किना। एसपी कपिल चौधरी दो बुधवार हिलोक् जुहुम मोड़ें बाजेय लाई केदा जे सतबरवा पुलिस दो मंगलवार जिन्दा उकूचुकूकाथा आधार रे गाड़ी चेकिंग ओकते मित्टेन पोण्ड रोड कारगाड़ी तेंगो ओचोकातेको जांच केदा, नोआ रे डिक्की आर लाहा सीटलातार रे ओको दोहो काते इदियेत् ताहेंन 117 पोकेट रे 121 किलो गांजा जामेना। ताक रे गे बारया मोबाइल आर बारया फर्जी नंबर प्लेट होंको जाम केदा। पुलिस दो मामला रे सनोज कुमार यादव उर्फ बाबू 25 उमार आर श भू कुमार यादव 30 उमार नुकिनको साप् आकात्किना।शंभू दो हरिहरगंज रे सीएसपी चाचाविच् काना आर सनोज दो डायबोरेकामीयेत् काना। मामला रे सतबरवा थाना रे एनडीपीएस एक्ट होते कांड दर्ज काते नुकिन पाइकार खिलाफ न्यायिक हिरासत रेको कोलआकात्किना।

नामडाक अपराधी रियाज अंसारी जिला खोनको ओचोक् आकादेया

रामगढ़। जिला खोन नामडाक अपराधी रियाज अंसारी दो जिलाए बोदोलआकादा। एसपी मुकेश कुमार लुनायताक् अनुशंसा रे डीसी ऋतुराज दोबुधवार हिलोक् माराङ कुड़पाड़ आकादा। नोआ सांवते गे पेया अपराधीजाव हापता हाजिरीक्को बातलाव आकावात्कोआ। जिला प्रशासनाक् नोआकुड़पाड़ ते अपराधीको रे हड़कंप मचाव आकाना। डीसीयाक् न्यायालयरे झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 होते ओनकान अपराधीओकोय दो जेहेल खोन छुटाउ काते हिजुक् रे आको ओड़ाक् रेबाङ ताहेंकाते बाहरे खोन गे बेबोसायको आर ठेकेदारको ठेनरोडदारीको खोजेत् काना, ओनको रे केटेच् तेय कुड़पाड़ केदा।अपराधी धमकीय, जुदा जुदा स्रोतको ते खोबोर कोल ओचोकाते से खुदसेनकाते आयाक् प्रभाव ते टोठा रेन ठेकेदार बेबोसायको,ट्रांसपोर्टरको आर सीसीएल पदाधिकारीको, कामियाको लेवी लागित्बोतोर ओचोको रेयाक्को कामीयेत् काना। डीसी दोय लाई केदाजे अपराधी निशांत सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ सिक्कू सिंह आर गुलशनकुमार सिंह दाराय 3 चान्दो लागित् मिमित् हापता रे मित् दिन थानासामाङ रे हाजिरोक्को हुकुम आकावात्कोआ। जुदी जाहांन अनुज्ञप्तिआधारित शस्त्र मेनाक्आ तोबे बेबिलाम ते ओना दो टोठारिया थानारे जोमाय होयोक्आ आर नोआ सोमोय रे जाहांन हालोत रे शस्त्रधारित बाङ चेकाय होयोक्आ। नोआ छाडा डीसी सेच् खोन नामडाक अपराधीरियाज अंसारी दो 3 चान्दो धाबिच् रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार खोनकोनिष्कासित जिला बदर आकादेया। आरोपित दो हुकुम पारितोक् 24घंटा भितरी ते जिला रेयाक् सीमा आड़ाक् बागीयाक् होयोक्ताया।जुदी जाहांन अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र मेनाक्आ तोबे दो बेबिलाम ते ओना दो टोठारिया थाना रेको जोमा ओचोया आर नोआ सोमोय रे जाहांन हालोत रे शस्त्रधारित बाडए चेकाया।

बोयहा-बुहिन ताला रेको हाटिञ केदा ओलोक् सापाप्

खूंटी। एकल अभियान मुरहू संच होतेते ओरामेन अचार्यकोवाक् दुपुडुप् दो सरस्वती शिश मंदिर कोड़ाकेल रे ओरामेना। कामीहोरा रे बोयहा-बुहिन ताला रे ओलोक् सापाप् कॉपी-कोलोमको हाटिञकेदा। कामीहोरा रे ओलोक्-पाड़हाक् सांव-सांवते सोमाज रेयाक्बापुड़िच् जिनिस चाबाय लागित्को गापालमाराव केदा। दुपुडुप् रे संचअध्यक्ष डॉ डीएन तिवारी दोय मेन केदा जे एकल अभियान दो आतो-डिहातरेन गिदराकोवाक् पुराउ ते लाहान्ती होयोक् लागित्ए कामीयेत्काना। मुरहू संच रे गेलपे गोटेच् एकल स्कूल चालाक् काना। स्कूलको रे पाठवाकोवाक् ओल-पाड़हाव, निपुट सेचेत्, बेवहार सेचेत्, हस्तशिल्प, जागरण सेचेत् सांवते आतो लाहान्त सेचेत्को एमात्कोआ। आतोको रे चास-आबाद रे गाय डांगरावाक् गुरिच् आररासायनिक खाद बाबोत रे बानाडायको एमात्कोआ। आतो रेआंधापातियाउ खोन सा रे ताहेंन, सही सोमोय रे रान ओचोक् सांवतेजारूड़ोक्आक् बानाडायको एमात्कोआ।

चासा आम रे बोरसा

- शिवलाल मरण्डी 'बेचारा'

(दलदली, सरौनी, गोड्डा)

चासा होड़ाक् मोने आलोम रापुदा,
ओड़ाक् दासाव आलोम जापुदा,
उनाक् दो आलोम सेतोडा चास रोंगोक्,
रेंगेच् होड़ाक् जिवी रागोक्।
मित् टेन चासा उनाक्ए आरजावा,
मित् टेन बाजारे साजावा,
मित् टेन फैक्ट्रीय सामबड़ावा,
आतो आर बाजारे जोड़ावा।
सेरमा रेयाक् गोड़ो जारुड़ाया थोड़ा,
थोड़ा सेतोड थोड़ा होय तोबे चास दोबड़ा।
चासा होड़ाक् रासका हासा रेम जेला,
ओत तिनाक् रोहोड़ा तिनाक् हाला।
बाजार इता बान्दी इता आंकुरोक् बाड़े,
बोछोर-बोछोर एर-आफोरोक् बाड़े।
लोसोदोक् होड़ बाको लातारा ,
चोन्दा रे हेडेजोक्कान ओकोयाक् पायरा-पायरा ?
चासा होड़ाक् ती तेयाक् ते लाच् धापाक्,
ओल-पाड़हाव, सेरेञ-दुराड एन्डे गे रेहेत् तोपाक्।
सोना बाम जोमा बाम ताहेंना साबुन सो ते,
आरजावाक् गेम जोमा गोसो-गोसो ते।
फाँक सेरमा लातार रेनेम जेलकोआ आलगा,
ओनको चेतान जुरुक्आ सेरमा सांगा।
आम होंम लाटु होड़ सेजोक्आ,
ताला बाईहाड़ रे रेंगेच् होड़को गोजोक्आ ।
सेरमा सेंगेल नोते कारजा ते तोपा,
नोंकान होड़ दो आवा टापा।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग रे बुमराह तायनोमकाते पाहिल धाव, नोमबोर-1ए बेनावेना तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क

खोबोरिया

नावां दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया रेन तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क दो आईसीसी पुरूष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग रे पाहिल धाव चेतान ठांवए हामेटआकादा। बांग्लादेश खिलाफ मैके टेस्ट रे 10 विकेट हामेट तायोमस्टार्क दो भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराहय तायनोम केदेया।स्टार्क दो दोसार टेस्ट रे पाहिल पारी रे तुरूई विकेट आरदोसार पारी रे पोनया विकेटए दोहो लेदा, नोआ बोदोलतेऑस्ट्रेलिया दो पारी आर 51 रन तेय जिताउ



लेना। मैच आर सीरीजरेन सोरोसतार खिलाड़ीको बाछाव केदेया। स्टार्कआक् नित बुमराह खोन 10 रेटिंग अंक जासती मेनाक्ताया। बुमराहवाक् नंबर 1 रेहालिया बादशाहत बार चान्दो धाबिच् ताहेंना। चाहे दो उनी जोतोते 697 दिन टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग रे चेतान रेय ताहें चुकाउ आकाना,ओकादो जाहांय भारतीय गेंदबाज लागित् जासतीकाय आर विश्व क्रिकेटरे 14वाक् आडी जेलेञ सोमोय मेनाक्आ।

इंग्लैंड रेन ओलीरॉबिन्सन हों मोंज गे खिलाड रेयाक् फायदाय जाम केदा। नोते,ऑस्ट्रेलिया रेन नाथन लियोन 10आक्, पाकिस्तान रेन अली उस्मान67आक्, इंग्लैंड रेन जोफ्रा आर्चर मित्ते 38आक्, भारत रेन नामडाक कृष्णा 53आक् आर बांग्लादेश रेन शोरिफुल इस्लाम 57आक् ठांवरेको सेटेर आकाना। टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग रे इंग्लैंड रेनहैरी ब्रुक दो चेतान ठांव रे आयाक् बाढ़ाव आरहों केटेच् आकादा। ब्रुक नित दोसार ठांव रे मेनाय जो रूट खोन 24 रेटिंगअंक लाहा मेनाया। ब्रुक दो पाकिस्तान खिलाफ90 रन आर रूट दो 66 रन ए बेनाव लेदा।

सोड़ोक घोटना रे मित् होड़े गोच् एना, दोसारिच् दोय घालेना

खोबोरिया

कोडरमा। जिला रेयाक् नवलशाही थाना तारी रेयाक् कोडरमा-जमुआ आसोल सोड़ोक रे नवलशाही चौक सोर रे सागुनमाहां हिलोक्आयुप् बेला सेच् होयेन सोड़ोक घोटना रे मित्टेन जुवाने गोचएना, एन्डेखान उनी रेन सोंगे दो गाहिर रूप तेय घालेना। गोचएन होड़ाक् पाछनाव दो गिरिडीह जिला रेयाक् राजधनवार थाना टोठा रेयाक् नीमाडीह पंचायत रेयाक् कैलपुर आतो रेन गिराबासीअनिकेत यादव आपातेत् हिरामन यादव रूप रे होय आकाना। नोते घालआकान होड़ाक् पाछनाव दो मरकच्चो थाना टोठा रेयाक् मूर्कमनायआतो रेन गिराबासी विक्की विश्वकर्मा रूप रे होय आकाना। बाडाय जामआकान लेका ते बानार जुवान दो बाइक रे देच् कातेत् नवलशाहीसेच् मित्टेन कामीहोरा रे सेलेदोक् लागित् तेकिन चालाक्कानताहेंना। उन ओकते नवलशाही चौक सोर रे तायोम खोन हिजुक्कानताहेंन मित्टेन ट्रक दोय ठोकोरकेत्किना। घोटना रे बानारजुवान गाहिर रूप तेकिन घालेना। घोटना तायोम ओन्डेको ताहेंकानहोड़ दो बानार घालाकान जुवान रान-मुरगान आचोकिन लागित् ते सदर अस्पताल तेको कोल केत्किना। मेनखान गाहिर रूप ते घाल आकान अनिकेत यादव दो होर रे गेय गोच् एना। नोते घाल आकान विक्की विश्वकर्मावाक् रान-मुरगान दो सदर अस्पताल रे चालाक्कानताया।

जोबोरजुसती कोयको, धामकावको आर आतकिरओकोको घोटना रे सेलेत् मित्टेन नाबालिग घालोक् मोड़ें गोटेच्. उग्रवादीको साप् केत्कोआ

खोबोरिया

इंफाल। मणिपुर रे इंफाल घाटी रेयाक् आयमा जिला रे जोबोरजुसती वसूली, धमकी आर अपहरण लेकान बेआईन कामीको रे ताहेंनप्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलेइपाक रेन मोड़ेंगोटेच् उग्रवादीको साप् आकात्कोआ। ओनको सांवते मित्टेन नाबालिगहोंको साप् आकादेया। पुलिस दो बुधवार हिलोक्को लाई केदा जेप्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलेइपाक यूपीपीकेसांव जोड़ाव नोको उग्रवादी दो मंगलवार हिलोक् बिष्णुपुर, इंफाल पूर्व आर इंफाल पश्चिम जिलाको रेयाक् जुदा जुदा ठांवको खोनको साप्केत्कोआ।

साप्एन उग्रवादीको खोन मित्टेन दो 51 उमार रेनकेपी कोइरेंग सिंह रूप रेय बाडाय आकाना। उनी दो इंफाल पश्चिम जिला रेयाक् कोइरेंगई फॉरेस्ट गेट खोनको साप् केदेया। उनी दोपोनोत रेयाक् वन विभाग रे माली हुदा रेय कामी काना। बयान रे मेनाकादा जे साप्एन उग्रवादीयाक् काबजा खोन यूपीपीकेयाक् 23गोटेच् लेटरहेडको जाम आकादा। मीडिया रिपोर्ट लेकाते, कुलीयेरे उग्रवादी दो अपहरण, जोबोरजुसती वसूली आर धमकी घोटोनाकोरे सेलेत् आकान काथाय हेंक् आकादा। ताक खोन बारया एसबीबीएलबांदूक, 12 बोर रेयाक् 78 कारतूस आर एके 47 आर 22 बांदूकरेयाक् कारतूस खाली खोखाको जाम आकादा। नोआ अभियान मंगलवारहिलोक् मणिपुर पुलिस आर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मिलाउ टीमहोतेतेको चालाव केदा। बयान रेको मेनाकादा जे अभियान ओकते तापोउकुकी रे बारया आर तापोउ लियांगमई रे मित्टेन बंकर होंको नोसटो केदा।

गर्लफ्रेंड उपार रे खारचाय लागित् ते आपनार ओड़ाक् रे कोमबड़ो: कोड़ाय आतकिर केदा 50 लाख

खोबोरिया

जोरहाट। असम रेयाक् जोरहाट रे हाहाड़ा ओचोय वाला मामला सोदोराकाना, मेताक्मे मित्टेन 25 बोछोर रेन जुवान दो आपनार ओड़ाक् खोन गे मोटामुटी 50 लाख पायसा आर सोना रेयाक्माला-मुन्दाम आतकिर रेयाक् दोस रेको हाजोत केदेया। पुलिसाक्दिगधा मेनाक्आ जे दुसी दो कोमबड़ोवाकात् पायसा रेयाक् माराडहिंस दो आपनार गर्लफ्रेंड रेय खारचा केदा। दुसीयाक् पाछनाव दो यशधनुका अग्रवाल रूप रे होय आकाना, जाहांय दो उन रेको साप् केदेयातिन दो उनी रेन आपात जोरहाट सदर पुलिस स्टेशन रे पायसा आरदामान जिनिस कोमबड़ोवाकान रेयाक् लालिसे ओल राकाप् ओचो केदा।

कोमबड़ो दो 11 अगस्त हिलोक् होय लेना, तिन दो ओड़ाक् रेन होड़ओड़ाक् रे बाको ताहेंकाना। दोस मेनाक्आ जे यश दोएंगात-आपाताक् कुठरी रेयाक् लॉकर रापुत् काते पायसा आरमाला-मुन्दामे आतकिर केदा। कोमबड़ो तायोम यश जोरहाट दो ओन्डेखोने दाड़ लेदा। साइबर सिक्योरिटी सेलाक् गोड़ो ते उनीयाक् मोबाइल दो गुजरात रेयाक् अहमदाबाद रेको ट्रेस लेदा। तायोम ते यशआच् बाबा दो आच् गे अहमदाबाद तेय चालावेना, यशए आगु रूवाड़केदेया आर पुलिस ठेने जिमा कादेया। बालेमाहां हिलोक् कोर्ट रे पेश काते न्यायिक हिरासत रे जेल तेको कोल केदेया। पुलिस दो नितनोआ रेयाक्को जांचेत् काना जे कोमबड़ो तायोम पायसा दो ओका रेयलागाव केदा। जाजांचको दो सोन्दहो मेनाक् ताकोआ जे यश दो आच्रेन गर्लफ्रेंड पुबाली दत्ता उपार रे लाख-लाख टाकाय खारचा आकादा। उनीयाक् लाई लेकाते, उनी लागित् मोटामुटी 1.5 लाख रेयाक्आईफोने किरिञ केदा, पायसाय एमादेया आर आयमा दिन होटलको आररिसॉर्ट्स रेकिन बिताावाकादा। हें मेनखान, पुबाली दत्ता दो नोआमामला रे दुसी दो बाको बेनाव आकादेया। यश रेन गाते, जितेंद्र सोमानी आर रोहित प्रसादाक् जुतुम हों एफआईआर रे सेलेत् मेनाक्आ। पुलिस दो शक मेनाक् ताकोआ जे नुकिन गाते गे कोमबड़ोआर कोमबड़ो आकात् सोना रेयाक् ठिकाना लागाव रेकिनगोड़ोवाकादेया आर उनकिन दो नितकिन दाड़ताप् आकादा। घारोंज रेन होड़ दो पुलिसको लायात्कोआ जे ओड़ाक् रे दोहोवाकात् पायसा दो बानिज-बेपार कामी लागित् ताहेंकाना। यश दो घारोंजरेयाक् बेबोसाय रे सेलेत्ए ताहेंकाना आर उनी दो ओड़ाक् रेदोहोवाकात् पायसा बाबोत रे पुराउ ते बाडाय ताहेंकान ताया।

ᱛᱚᱞᱚᱢᱚᱱ ᱯᱟᱞᱟᱞᱮᱨᱞᱮᱠᱚᱞᱚᱢᱚᱱᱤ

बच्चे से मारपीट के मामले में थाना प्रभारी निलंबित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। सरैयाहाट थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक राजेन्द्र यादव को कर्तव्य में लापरवाही और मनमाने आचरण के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक, दुमका की ओर से जारी आदेश में निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, दुमका निर्धारित किया गया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

मामला 11 वर्षीय बच्चे के साथ हुई मारपीट से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई 2026 को विनोद महतो के 11 वर्षीय पुत्र नंदकिशोर महतो के साथ बेरहमी से मारपीट की गयी थी। घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया था। आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी उसे झाड़ी में छोड़कर फरार हो गये।

घटना के बाद पीड़ित के पिता विनोद महतो ने 22 जुलाई को सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि संवेदनशील मामला होने के बावजूद पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज नहीं की। रिकॉर्ड के अनुसार, घटना के करीब नौ दिन बाद 30 जुलाई 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गयी।

जांच के दौरान केस रजिस्टर में दर्ज तारीख को लेकर भी सवाल उठे। दस्तावेज में 30 तारीख के अंक पर दोनों स्थानों पर ओवरराइटिंग पायी गयी। पुलिस अधीक्षक के आदेश में इसे थाना प्रभारी की घोर लापरवाही और मनमाने आचरण का परिचायक माना गया है।

बच्चे के साथ हुई गंभीर घटना में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी और रिकॉर्ड में कथित हेरफेर के आरोप को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-यापन भत्ता ही देय होगा। मामले में विभागीय जांच भी शुरू की जायेगी।

दुमका स्टेशन पर केरल ले जाई जा रहीं 7 नाबालिग बच्चियां और एक बच्चा रेस्क्यू

पैसों का लालच और बिना परिजनों की सहमति के जा रही थीं बच्चियां, युवक गिरफ्तार

ब्यूरो

दुमका। आरपीएफ ने दुमका रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल की। नियमित जांच के दौरान अधिकारियों ने एक 27 वर्षीय युवक के साथ संदिग्ध स्थिति में मौजूद 7 नाबालिग बच्चियों और एक नाबालिक बच्चा को पकड़ा। इन की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

केरल में नौकरी का झांसा : पैसों का लालच देकर घर से भागे

पकड़े गए युवक की पहचान सुंदरपहाड़ी के नादोपारा निवासी बैजनाथ पहाड़िया के रूप में हुई।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह इन बच्चियों को पैसों का लालच देकर केरल में इलायची की खेती में काम दिलाने के नाम पर ले जा रहा था। सभी बच्चियां अपने माता-पिता या अभिभावकों की मर्जी और जानकारी के बिना घर से निकली थीं।

आरपीएफ की तत्परता : अलर्ट पर आई जिला पुलिस और सीडब्ल्यूसी

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ ने तुरंत कार्रवाई की। एक बच्ची के परिजनों से संपर्क करने के साथ ही इसकी सूचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, नगर थाना, स्टेशन अधीक्षक और बाल कल्याण समिति को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना के एसआइ राजीव रंजन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

बच्चियां चाइल्ड हेल्प डेस्क को सुपुर्द, आरोपी युवक गिरफ्तार

सीडब्ल्यूसी दुमका के निर्देश पर सभी आठों बच्चियों को सुरक्षा और काउंसलिंग के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद चाइल्ड हेल्प डेस्क टीम को सौंप दिया गया। वहीं, बच्चियों को अवैध रूप से ले जा रहे आरोपी युवक बैजनाथ पहाड़िया को आगे की कानूनी कार्रवाई और पूछताछ के लिए एएचटीयू और नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

लकड़ी माफियाओं ने काटे फलदार व बेशकीमती पेड़, प्रशासन बेखबर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मसलिया। मसलिया अंचल क्षेत्र के रानीघाघर पंचायत अंतर्गत बेलियाडीह गांव में सड़क किनारे दिनदहाड़े फलदार एवं बेशकीमती पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि लकड़ी माफियाओं ने पेट्रोल संचालित आरा मशीन से पेड़ों को काटकर बोटा में विभाजित कर दिया। घटना से ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार, काटे गए पेड़ों में विशालकाय नीम के मोटे-पतले करीब 25 बोटा, फलदार कटहल के लगभग 15 बोटा तथा शिरीष के करीब 11 बोटा शामिल हैं। कुल 51 बोटा लकड़ी तैयार कर रखी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लकड़ी माफिया इसे आरा मिल तक ले जाने की तैयारी में हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने पेड़ों की अवैध कटाई पर रोक लगाने में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन पेड़ों की कटाई की

शिकायतें सामने आती रहती हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो हरियाली और पर्यावरण पर इसका गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से लकड़ी कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा काटी गई लकड़ी को जब्त करने की मांग की है। इस संबंध में अंचलाधिकारी रंजन कुमार यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। कर्मचारी को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

आज शाम दुमका पहुंचेंगे बाबूलाल मरांडी

दुमका। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी आज गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर दुमका आ रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जिला मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री मरांडी सबसे पहले जामताड़ा जिले में आयोजित विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। वहां के कार्यक्रमों को संपन्न करने के बाद वे देर शाम दुमका परिसदन पहुंचेंगे। दुमका आगमन के बाद वे भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इस बैठक के दौरान वे क्षेत्र में पार्टी की सांगठनिक गतिविधियों, आगामी रणनीतियों और संगठनात्मक कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करेंगे। उनके इस दौरे को लेकर दुमका जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एसपी ने 15 खोए मोबाइल नागरिकों को सौंपे

दुमका । जिला पुलिस ने आज ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की एक नई मिसाल पेश की है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुमका में पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खैरवार द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गुम हुए मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों को वापस सौंपा गया। इस अभियान के तहत दुमका जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के कुल 15 मोबाइल धारकों को उनके खोए हुए कीमती मोबाइल सुपुर्द किए गए। काफी समय से अपने फोन की उम्मीद छोड़ चुके नागरिकों के चेहरे मोबाइल वापस पाते ही खुशी से खिल उठे। अपने खोए हुए मोबाइल को सुरक्षित वापस पाकर सभी मोबाइल धारकों ने पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खैरवार और पूरी दुमका पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और दिल से धन्यवाद दिया।

फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, पियरसाल बनी चैंपियन

जरमुंडी । बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र के सरडीहा गांव में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। टुर्नामेंट में शामिल विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस क्रम में कड़े संघर्ष के बाद दो दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट के फाइन मुकाबले में पहुंची पियरसाल और जामा एफसी के टीमों के बीच जोरदार टक्कर हुई। दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला देखने के लिए खेल प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी। पियरसाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जामा एफसी को एक गोल से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मुंशी मुर्मू, नंदकिशोर बास्की, देवीलाल, निरंजन मंडल, छतीश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शिवनाथ टुडू, अविनाश मरांडी समेत अन्य युवाओं की सराहनीय भूमिका रही। पूरे टूर्नामेंट के दौरान कालेश्वर बास्की ने कॉमेंट्रेटर की भूमिका निभाई।

दिनदहाड़े 5000 एमटी कोल्ड स्टोरेज में चोरी का प्रयास, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

दुमका। जरमुंडी प्रखंड के सहारा गांव स्थित 5000 एमटी क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज में बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे दिनदहाड़े चोरी के प्रयास का मामला सामने आया। घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता है और उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा नियमित पुलिस गश्ती की मांग की है। जानकारी के अनुसार, करीब 18-19 वर्ष के तीन युवकों ने बार्ब्ड वायर काटकर कोल्ड स्टोरेज परिसर में प्रवेश किया और मशीन रूम का ताला तोड़ दिया। इसके बाद 320 केभीए डीजी सेट की दो बैटरियां निकालने का प्रयास किया। एक बैटरी परिसर से बाहर रख दी गई, जबकि दूसरी बाउंड्री के बाहर फेंक दी गई। सुरक्षा गार्ड के पहुंचने पर तीनों युवक मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान ष्ठत्र सेट से डीजल निकालने के प्रयास के निशान तथा कुछ औजार और एक सीढ़ी भी मिली। गार्ड ने बाउंड्री के बाहर 12-14 वर्ष के तीन बच्चों को भी बैटरियों के आसपास देखा। पुलिस घटना में उनकी भूमिका और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा निगरानी के लिए भेजे जाने की आशंका की जांच कर रही है। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज किसानों की कृषि उपज के भंडारण के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में दिनदहाड़े चोरी का प्रयास सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों ने दुमका डीसी एवं पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई, कोल्ड स्टोरेज में नियमित पुलिस गश्ती तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। साथ ही कोल्ड स्टोरेज तक उचित एप्रोच रोड उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है, ताकि किसानों को इसका सुगम लाभ मिल सके।

हंसडीहा से दो नाबालिग युवतियां लापता, मामला दर्ज

सरैयाहाट। हंसडीहा थाना क्षेत्र में दो नाबालिग युवतियों के अलग-अलग परिस्थितियों में घर से लापता होने के मामले सामने आए हैं। परिजनों ने दोनों मामलों में युवतियों को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए थाना में शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पहली घटना में 16 वर्षीय युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 23 अगस्त को अचानक घर से निकल गई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों को बाद में जानकारी मिली कि नोनी गांव के मिथुन यादव की मदद से उसी गांव का रामजी उर्फ मोहित यादव उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 25 अगस्त को कांड संख्या 89/26 दर्ज किया है। इसी तरह दूसरे मामले में 17 वर्षीय युवती के लापता होने की शिकायत उसकी मां ने दर्ज कराई है। महिला के अनुसार, उसकी बेटी 25 अगस्त को दुमका कॉलेज में फॉर्म भरने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान सिमरा गांव निवासी नितेश यादव के साथ युवती के चले जाने की जानकारी मिली। परिजनों का आरोप है कि नितेश पहले भी उनकी बेटी से मोबाइल पर संपर्क में था। मामले में पुलिस ने 26 अगस्त को कांड संख्या 91/26 दर्ज किया है।

नवपहाड़ में विकास की नई राह, 3.75 करोड़ की सड़क का सांसद ने किया शिलान्यास

बेहतर कनेक्टिविटी से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगी रफ्तार : नलिन सोरेन

संवाददाता

शिकारीपाड़ा । प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत दुमका-रामपुरहाट मुख्य सड़क पर स्थित नवपहाड़ मोड़ से नवपहाड़ तक नई सड़क का निर्माण होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ बुधवार को स्थानीय सांसद नलिन सोरेन ने पूरे विधि-विधान से भूमि पूजन और शिलान्यास करके किया। इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में जुटे।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नलिन सोरेन ने ग्रामीण इलाकों में सड़कों की अहमियत पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए वहां की परिवहन व्यवस्था और सड़कों का दुरुस्त होना सबसे पहली जरूरत है। इस नई सड़क के बन जाने से नवपहाड़ और उसके आस-पास के दर्जनों गांवों के लोगों को आने-जाने में हो रही भारी दिक्कतों से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी होने से न केवल लोगों का सफर आसान होगा, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी एक नई रफ्तार मिलेगी। सांसद ने विकास कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्रामीणों से एक बेहद खास अपील भी की।

उन्होंने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों की अपनी संपत्ति है, इसलिए इसके निर्माण कार्य और गुणवत्ता पर वे खुद पैनी नजर रखें। तकनीकी जानकारी देते हुए विभाग के कनीय अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि इस पूरी परियोजना पर 3.75 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस बजट से कुल 4.650 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा, जो आधुनिक मानकों के अनुरूप होगा।

रहस्यमय परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

सरैयाहाट । थाना क्षेत्र के सरैया बस्ती स्थित मुस्लिम टोला में बुधवार दोपहर एक विवाहिता की उसके घर में संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतका की पहचान 24 वर्षीय चांदनी बीबी के रूप में हुई है, जो सनोवर अंसारी की पत्नी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सरैयाहाट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति सनोवर अंसारी थाना का वाहन चलाते हैं और घटना के वक्त वह अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। घटना की खबर मिलते ही वह पुलिस बल के साथ घर पहुंचे।

महिला की मृत्यु किन कारणों से हुई, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को दुमका में कराया जाएगा, जिसके बाद ही मृत्यु की असली वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और विभिन्न पहलुओं पर जानकारी जुटा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतका के मायके वालों की तरफ से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बासुकीनाथ धाम में 79 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जरमुंडी । राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के 28 वें दिन बुधवार को बाबा बासुकीनाथ धाम में 79 हजार कांवरियों ने बाबा बासुकीनाथ ज्योतिर्लिंग पर पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक किया। फौजदारी बाबा की पूजा अर्चना करने के लिए देश विदेश से शिवभक्त कांवरियों की भीड़ अनवरत बासुकीनाथ मंदिर पहुंच रही है। श्रावण शुक्ल त्रयोदशी उपरांत चतुर्दशी तिथि पर पूर्वोतर के राज्यों सहित विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ जुटी। असम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, बिहार ,उत्तरप्रदेश, एमपी, उत्तराखंड सहित नेपाल के कांवरियों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। फौजदारी बाबा के दरबार में कांवरियों की भीड़ से श्रावणी मेला का कोना कोना केसरिया मय है।

एमएमडीआर संशोधन विधेयक के खिलाफ गरजी डॉ. लुईस मरांडी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जामा (दुमका)। जामा विधानसभा क्षेत्र की सुखवारी पंचायत में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जन आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। बुधवार को पंचायत अध्यक्ष अनिल मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित एक महत्वपूर्ण जन जागरण बैठक में एमएमडीआर एमेंडमेंट बिल 2026 के विरोध की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने केंद्र सरकार के इस प्रस्तावित संशोधन विधेयक के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों और खनिज

संपदा पर यहां के मूलवासियों का पहला हक है। राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए इस आंदोलन को हर गांव और हर घर तक पहुंचाना होगा। विधायक ने कार्यकर्ताओं को टास्क दिया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को इस बिल के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें ताकि एक बड़ा और व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया जा सके। उन्होंने साफ किया कि झारखंड के हितों से कोई समझौता नहीं होगा और यह लड़ाई मुकाम तक पहुंचने तक जारी रहेगी।

इस मौके पर संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने और आंदोलन की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला उपाध्यक्ष बिशु टुडू, जामा प्रखंड अध्यक्ष विभीषण मुर्मू, प्रखंड सचिव गौतम दर्व और महिला मोर्चा अध्यक्ष सवीता सोरेन समेत पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आजादी के 79 साल बाद भी पक्की सड़क को तरस रहा केतोपोका गांव

मरीज खटिया पर जाने को मजबूर, ग्रामीणों ने दी वोट बहिष्कार की चेतावनी

खोबोरिया

गोपीकांदर। देश को आजाद हुए 79 साल बीत चुके हैं, लेकिन गोपीकांदर प्रखंड का केतोपोका गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। गांव में अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, जिसके कारण ग्रामीणों में सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। सड़क के अभाव में ग्रामीणों को जिला, प्रखंड मुख्यालय और मुख्य मार्ग तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कच्ची और ऊबड़-खाबड़ सड़क का सबसे ज्यादा खामियाजा स्कूली बच्चों और शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। गांव के प्राथमिक विद्यालय की

शिक्षिका सिसिलिया हांसदा बताती हैं कि पक्की सड़क न होने के कारण उन्हें अपना वाहन गांव से करीब दो किलोमीटर दूर ही खड़ा करना पड़ता है। कच्ची सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और बरसात के दिनों में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे वाहन फिसलने और पैदल चलने वालों के गिरने का डर हमेशा बना रहता है। कीचड़ के कारण कई बार स्कूली बच्चे भी फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। शिक्षिका ने भी प्रशासन से जल्द पक्की सड़क बनवाने की मांग की है।

ग्रामीण कैलाश राय ने गांव की भौगोलिक और जनसांख्यिकीय स्थिति बताते हुए कहा कि केतोपोका गांव में प्रधान टोला और आदिम जनजाति (पहाड़िया) के दो टोले हैं। इन दोनों टोलों में करीब 35 घर हैं, जिनमें लगभग 200 की आबादी निवास करती है। गांव से मधुबन आरआईओ रोड की दूरी लगभग दो किलोमीटर है। पक्की सड़क न होने के कारण गांव में आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस तक नहीं प्रवेश कर पाती है। ऐसे में बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीणों को खटिया का सहारा लेना पड़ता है और मरीजों को खटिया पर लादकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया जाता है।

चौकीदारो को नहीं मिला सात माह से वेतन

सरैयाहाट। सरैयाहाट अंचल में नव नियुक्त चौकीदारों के सामने सात माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट गहरा गया है। जनवरी 2026 में नियुक्ति के बाद ड्यूटी संभालने वाले चौकीदारों को अब तक एक माह का भी वेतन नहीं मिला है। वेतन के अभाव में इनके समक्ष आर्थिक तंगी के साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। मंगलवार को 25 नवनियुक्त चौकीदारों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन अंचलाधिकारी को सौंपकर जल्द से जल्द वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में चौकीदारों ने कहा है कि नियुक्ति के बाद से वे लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। चौकीदारों ने बताया कि नियुक्ति के समय ड्यूटी के लिए आवश्यक वर्दी भी उन्होंने उधार लेकर खरीदी थी। सात माह बीत जाने के बावजूद वेतन नहीं मिलने के कारण वे अब तक वर्दी की उधारी तक नहीं चुका सके हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में मुन्ना हांसदा, सोनामुनी टुडू, कृष्णा बास्की, नीतू कुमारी, दीपक कुमार, सौरभ कुमार झा, अनिता मुर्मू, रूबीन मरांडी, प्रवीन कुमार, राजदीप मुर्मू सहित अन्य चौकीदार शामिल थे।

खेती से आत्मनिर्भर बनीं ककनियां की दो महिलाएं

सरैयाहाट। प्रखंड परिसर स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में मंगलवार को आजीविका कृषक मित्रों को खेती से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान किट प्रबंधन, खाद प्रबंधन, रोग प्रबंधन एवं मृदा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक एफटीसी सुरेश किस्कू ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि प्रखंड के चरकापाथर पंचायत अंतर्गत ककनियां गांव की मीना देवी और अनीता देवी ने एसएचजी समूह से ऋण लेकर सब्जी की खेती शुरू की। मीना देवी ने 40 हजार रुपये तथा अनीता देवी ने 50 हजार रुपये का ऋण लिया था। दोनों महिलाओं ने मेहनत और कृषि संबंधी जानकारी के बल पर खेती को आय का बेहतर साधन बना लिया है। वर्तमान में दोनों महिलाएं करीब एक-एक एकड़ जमीन में विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती कर रही हैं और इससे प्रत्येक माह करीब 30 से 35 हजार रुपये तक की आमदनी अर्जित कर रही हैं। इनके खेतों में मूंग, भिंडी, बरबट्टी, करेला, नेनुआ और बैंगन समेत कई प्रकार की सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है।

सहदेव एकादश ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

मसलिया। मसलिया प्रखंड क्षेत्र के सुग्गापहाड़ी पंचायत अंतर्गत मनोहरचक (पियल घोड़ा) मैदान में बुधवार को दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आयोजित किया गया। फाइनल में सहदेव एकादश और प्रेम नगर एएफसी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें सहदेव एकादश ने प्रेम नगर एएफसी को 4-3 गोल से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुग्गापहाड़ी पंचायत के मुखिया सत्यनारायण टुडू और पूर्व मुखिया मंजू हांसदा शामिल हुए। आयोजक समिति की ओर से दोनों अतिथियों का आदिवासी रीति-रिवाज के साथ अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। फाइनल मुकाबला देखने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे। दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। बच्चों की प्रतिभा को निखारने और मनोरंजन के लिए साइकिल रेस, बोरा दौड़ तथा 400 मीटर दौड़ समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विजेता सहदेव एकादश को मुखिया सत्यनारायण टुडू ने 20 हजार रुपये नकद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता प्रेम नगर एएफसी को पूर्व मुखिया मंजू हांसदा ने 15 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की।

मैजिक ने स्कूटी में मारी टक्कर, घायल

जरमुंडी । दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ीकुरवा के समीप मैजिक और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मंगलवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी मैजिक वाहन के बूढ़ीकुरवा के समीप एक पेड़ा दुकान के पास अचानक मुड़ने से स्कूटी से जा टकराया। जिसमें स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान दोमुहानी गांव निवासी राकेश मरांडी के रूप में हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार एवं स्थानीय ग्रामीणों ने घायल की मदद की और तालझारी थाना को इसकी दी। पुलिस द्वारा एंबुलेंस की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को बेहतर चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया।युवक की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

इलाज के अभाव में अस्थिपंजर बन गए बासुदेव

मसलिया । मसलिया प्रखंड के रानीघाघर पंचायत अंतर्गत गम्हरिया गांव निवासी बासुदेव मिर्धा इन दिनों गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। कभी हृष्ट-पुष्ट और मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाने वाले बासुदेव अब इलाज के अभाव में बेहद कमजोर हो गए हैं। उनकी शारीरिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्हें अब 15 दिनों में शरीर में रक्त चढ़ाना पड़ रहा है। पूरा शरीर काला पड़ गया है। चिकित्सक उनकी बीमारी को समुचित रूप से पकड़ने में असमर्थ हैं। और इधर परिवार आर्थिक तंगी के कारण उनका समुचित इलाज कराने में असमर्थ है। परिजनों के अनुसार, वर्ष 2023 में बासुदेव हिमाचल प्रदेश स्थित निरमा फैक्ट्री में काम करते थे। वहां से काम कर घर लौटने के बाद उनकी तबीयत धीरे-धीरे खराब होने लगी। समय के साथ उनकी शारीरिक स्थिति इतनी बिगड़ गई कि अब वे काफी कमजोर हो चुके हैं। परिवार ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार कई जगह इलाज कराया, लेकिन लगातार इलाज कराने में काफी खर्च होने के कारण आर्थिक स्थिति चरमरा गई। बासुदेव की पत्नी कल्पना देवी ने बताया कि उन्होंने देवघर स्थित एम्स में अपने खर्च पर कुछ दिनों तक पति का इलाज कराया था।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686